कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 109 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

23 अक्टूबर 2025 गुरुवार

# दोपहर मेट्रो

बेबाक खबर हर दोपहर

आज का मौसम

30 अधिकतम

22 न्यूनतम



Page-7

## न्यूज विंडो

### अतीक के बेटे को नहीं मिल सकी जमानत

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के बड़े बेटे मोहम्मद उमर को गुरुवार को बड़ा झटका लगा है। जिला कोर्ट ने मोहम्मद उमर की जमानत याचिका खारिज कर दी। उमेश पाल व दो सरकारी गनर हत्याकांड में जेल में बंद उमर ने जमानत के लिए अर्जी डाली थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट राम प्रताप सिंह राणा ने जमानत देने से इनकार कर दिया।

### नौसेना प्रमुख बोले-हम आत्मनिर्भरता की ओर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना की द्विवार्षिक कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025 का दूसरा सत्र गुरुवार से शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने नौसेना की आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम और भविष्य की योजना पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने नौसेना के जवानों की समर्पण भावना, पेशेवर कौशल और देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में नौसेना की भूमिका को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय भी बताया।

### पूर्व राष्ट्रपति नारायणन की प्रतिमा का अनावरण

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केरल राजभवन परिसर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा भारत के पहले दलित राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि स्वरूप स्थापित की गई है। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मौजूद थे।

### 70 सीटों पर अड़ी कांग्रेस को अंततः करना पड़ा समझौता

# झुकी कांग्रेस ने तेजस्वी को बनाया चेहरा कल से मोदी-शाह फूकेंगे चुनावी बिगुल

### गहलोत बोले- मुकेश सहनी के साथ और भी हो सकते हैं उपमुख्यमंत्री

**पटना, एजेंसी**

बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे। उप मुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे।

गहलोत ने कहा कि हमारे नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताए कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा। ऐलान के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझ पर फिर से भरोसा जताया गया है। सभी का दिल से धन्यवाद है। सबसे कहना चाहता हूं कि जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे। 20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़कर फेंकेंगे। महागठबंधन की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरजेडी, कांग्रेस, VIP समेत 7 दलों के 14 नेता शामिल हुए। इसमें सभी दलों के नेताओं को बोलने मौका दिया गया। सभी ने अपनी स्पीच में महागठबंधन में एकजुटता की बात कही। आरजेडी की ओर से तेजस्वी यादव,अब्दुल बारी सिद्दीकी, मनोज झा और संजय यादव मौजूद थे। वहीं कांग्रेस से अशोक गहलोत,राजेश राम, कृष्णा अल्लावरू, पवन खेड़ा और अभय दुबे थे। सीपीआई (माले) से दीपंकर भट्टाचार्य,वीआईपी पार्टी से मुकेश साहनी, सीपीआई (एम) से ललन चौधरी, सीपीआई से रामनरेश पांडे और ऑल इंडिया पान महासभा नेशनल से आईपी गुप्ता भी मंच पर मौजूद थे।



### तेजस्वी बोले-नीतीश को मुख्यमंत्री कभी नहीं बनाएगी भाजपा

इस मौके पर तेजस्वी यादव ने दावा है कि बीजेपी नीतीश कुमार को दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी। तेजस्वी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि विधायक दल अपना नेता चुनेगा। तेजस्वी यादव ने अमित शाह से सीधा सवाल किया कि आखिर क्यों नीतीश कुमार के नाम की आधिकारिक घोषणा मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नहीं की जा रही है।

### जेडीयू खत्म करना चाहते हैं उनके ही नेता

तेजस्वी ने आरोप लगाया कि जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के 3-4 नेता बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं और वे जेडीयू को खत्म करना चाहते हैं। तेजस्वी ने कहा कि चुनाव के बाद ये लोग जेडीयू को समाप्त कर देंगे। तेजस्वी यादव ने दृढ़ता से कहा कि यह नीतीश कुमार का आखिरी चुनाव है और यह फैसला अमित शाह ने ले लिया है। प्रेस कांफ्रेंस के पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत और आरजेडी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव के बीच होटल की एक बंद कमरे में बातचीत हुई। आखिरी दौर कि बातचीत को राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने संभाली कमान ... आज होगी कार्यकर्ताओं से बात



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद कमान संभाल ली है। प्रधानमंत्री कल 24 अक्टूबर को राज्य में दो बड़ी चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। उससे आज शाम वे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत बिहार भाजपा कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद करेंगे। पीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा- बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए हमारे कार्यकर्ता अभूतपूर्व ऊर्जा और समर्पण के साथ मैदान में डटे हैं। जनसंपर्क और संगठन के हर स्तर पर उनकी सक्रियता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज शाम 6 बजे मैं उनसे संवाद को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह कार्यक्रम सीधे तौर पर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से जुड़ा है, जिन्हें भाजपा अपनी जीत की नींव मानती है। इससे पहले भी, 15 अक्टूबर को पीएम मोदी ने इसी कार्यक्रम के तहत एनडीए कार्यकर्ताओं से संवाद किया था और उन्हें जनसंपर्क अभियान में पूरी ताकत झोंकने का आह्वान किया था।

प्रधानमंत्री का यह संवाद 24 अक्टूबर को शुरू होने वाले उनके बिहार दौरे की भूमिका मानी जा रही है। इस दिन पीएम समस्तीपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसे उन्होंने बिहार विजय अभियान की शुरुआत बताया है। इसके अलावा वे बेगूसराय में भी चुनावी रैली करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पीएम के इस दौरे से राज्य में एनडीए का चुनावी माहौल और तेज होगा।

### अमित शाह भी मैदान में

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी 24 अक्टूबर को ही बिहार दौरे पर आने वाले हैं. शाह ने हाल ही में कहा था कि एनडीए इस बार बिहार में 20 सालों का बहुमत रिकॉर्ड तोड़ेगा और नई सरकार बनाएगा। शाह की रैली पीएम मोदी के दौरे के साथ तालमेल बनाकर आयोजित की जा रही है।

### अब फ्लाइट में पावर बैंक ले जाने पर लगेगा बैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हवाई जहाज में पावर बैंक ले जाने को लेकर भारत में जल्द ही कड़े नियम लागू हो सकते हैं। हाल ही में दुनिया भर में और भारत में भी पावर बैंक में आग लगने की घटनाओं के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय इस मुद्दे पर विचार कर रहा है। हाल में ही दिल्ली से दिमापुर जा रही एक इंडिगो फ्लाइट में विमान के रनवे पर टैक्सी करते समय एक यात्री के पावर बैंक में आग लग गई थी। DGCA इस मामले पर तकनीकी इनपुट ले रहा है और विकल्पों पर विचार कर रहा है। जल्द ही इस पर फैसला आने की उम्मीद है। कई विदेशी एयरलाइंस पहले से ही पावर बैंक पर प्रतिबंध लगा रही हैं। हालांकि इनमें 100 वाट Hours से कम क्षमता वाले एक पावर बैंक को ले जाने के लिए छूट दी जा रही है, लेकिन यात्री इसका इस्तेमाल अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चार्ज करने के लिए नहीं कर सकते। साथ ही, वे विमान के पावर सप्लाई सिस्टम से पावर बैंक को चार्ज भी नहीं कर सकते।

### उड़ान भरने के 5 मिनट बाद ही विमान की इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज दिल्ली से पटना जाने वाली स्पाइसजेट उड़ान हादसे का शिकार होने से बच गई। इस दौरान आसमान में यात्रियों की सांसें अटक गईं। हालांकि, पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया। स्पाइसजेट के मुताबिक पटना जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दिल्ली वापस लौटना पड़ा, क्योंकि चालक दल को तकनीकी खराबी का संदेह था। बोइंग 737-8 विमान को विस्तृत निरीक्षण के लिए रोक दिया गया है और जांच अभी जारी है। प्रभावित यात्रियों के लिए एक वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की जा रही है। स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि विमान में सवार सभी 160 यात्री सुरक्षित हैं और विमान बिना किसी घटना के दिल्ली वापस उतर गया। यह ताजा घटना स्पाइसजेट के एक विमान की बीच उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण श्रीनगर में आपातकालीन लैंडिंग के दो महीने बाद हुई है। यह विमान दिल्ली से 205 यात्रियों और सात चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी। वहीं, अगस्त में भी, दुबई जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान को इसी तरह की गड़बड़ी के बाद अहमदाबाद में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी थी। यह उड़ान सूरत से उड़ान भरी थी।

### छठ पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने बनाया वार रूम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छठ के त्योहार के दौरान स्टेशनों पर बढ़ने वाली भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रेलवे विशेष तैयारी की है। रेल मंत्री खुद इस पूरे अभियान पर नजर रख रहे हैं। इसलिए लगातार 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए रेल भवन में एक खास 'वॉर रूम' बनाया गया है। जहां से लगातार 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। इस वॉर रूम के जरिए देशभर के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भीड़ की स्थिति, ट्रेन संचालन और सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### प्रदेशभर से पहुंची महिलाओं ने मुख्यमंत्री के साथ मनाया भाई दूज का त्योहार

# सीएम बोले-जैसे कृष्ण ने रखा सुभद्रा का ध्यान, वैसे सरकार बहनों के साथ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भाई दूज के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ त्योहार मनाया।



मुख्यमंत्री ने लाडली बहनों को दिए संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुभद्रा का रिश्ता भाई-बहन के प्रेम और संरक्षण की सबसे सुंदर मिसाल है। जिस प्रकार श्रीकृष्ण ने हर परिस्थिति में बहन सुभद्रा की सुरक्षा और सम्मान का ध्यान रखा, उसी भावना से हमारी सरकार भी प्रदेश की हर लाडली बहन के सुख, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की साथी है। श्रीकृष्ण और सुभद्रा का संबंध इस बात की याद दिलाता है कि भाई का स्नेह केवल वचन निभाना ही नहीं, कर्म से निभाई जाने वाली जिम्मेदारी भी है। हमारी सरकार इसी दृष्टि से सांस्कृतिक परंपरा को निभाते हुए आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिये बहनों की खुशी, उनकी सुरक्षा और आत्मविश्वास सर्वोपरि है।

लाड़ली बहना योजना ने बहनों को आत्मनिर्भर, जागरूक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया है।

### दुकान के ऊपर रहते थे प्रवेश अग्रवाल, पत्नी वेंटिलेटर पर

# शोरूम में लगी आग घर तक पहुंची दम घुटने से कांग्रेस नेता की मौत

**इंदौर, एजेंसी**

शहर के लसूड़िया इलाके में आज तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक कार शोरूम में आग लग गई जिससे शोरूम मालिक और कांग्रेस के सीनियर नेता, नर्मदा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेश अग्रवाल की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 5 बजे के आसपास की बताई जा रही है।



जानकारी के अनुसार, कार शोरूम के ऊपर अग्रवाल परिवार का निवास था। आग लगने के समय प्रवेश अग्रवाल अपनी पत्नी रेखा अग्रवाल और दोनों बेटियों के साथ वहीं मौजूद थे। आग इतनी तेजी से फैली कि वे बाहर नहीं निकल पाए। धुएं से दम घुटने के कारण प्रवेश अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी रेखा अग्रवाल को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा है।

पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। वहीं, घायल बेटियों 14 वर्षीय सौम्या और 12 वर्षीय मायरा का भी इलाज किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण बताया जा रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

## आज का कार्टून




## मेट्रो एंकर

### रूसी खुफिया संग्रहालय की प्रमुख बनीं अन्ना रोमानोवा, अमेरिका में हो चुकी थीं गिरफ्तार

# फिर एक्टिव हुई रूस की जासूस हसीना को मिल गई नई जिम्मेदारी, दुनिया भर की इंटेलीजेंस अलर्ट पर

**मॉस्को, एजेंसी**

यूक्रेन के साथ जंग के मुश्किल हालातों में भी रूस के ताकतवर लोग झुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब रूस की एक खौफनाक महिला जासूस को लेकर अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स में इस जासूस को पुतिन की हसीना बताकर कहा जा रहा है की यह जाग चुकी है और उसे एक नया मिशन दे दिया गया है। रूस की मशहूर जासूस का नाम एना चैपमैन हैं, जिनकी वापसी को लेकर चौंकाने वाले दावे किए जा रहे हैं। ये वही जासूस हैं जिन्हें अमेरिका ने पकड़ लिया था लेकिन मजबूरी में छोड़ना भी पड़ा था।



एना चैपमैन का असली नाम अन्ना रोमानोवा है, जो यूनाइटेड किंगडम की नगरिक हैं। वो साल 2010 में तब चर्चाओं में आ गई थीं, जब उन्होंने अमेरिका ने गिरफ्तार कर लिया था। वो रूस की स्लीपर सेल का हिस्सा थीं। बाद में उन्हें अमेरिका ने रूस वापस भेज दिया था। एना फिलहाल रूस में ही हैं और काफी समय से दुनिया की नजरों से गायब थीं। हाल ही में वो फिर से एक्टिव हुई हैं और उन्हें रूस ने नया मिशन दिया है। उसे अब रूसी खुफिया संग्रहालय का प्रमुख बना दिया गया है, जो रूस की प्रमुख खुफिया एजेंसी, एसवीआर (पूर्व में KGB) से जुड़ा है।

बता दें कि एना 10 सालों से गायब थीं लेकिन 2020 में उन्होंने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर एक्टिविटीज शुरू की थी। उन्होंने पिछले साल ही एक किताब भी पब्लिश की है, जिसका नाम 007: My Life as a Spy है। ये किताब उनकी जर्नी पर आधारित है, जिसमें उनके जासूसी मिशन के हिस्से हैं और गिरफ्तारी के किस्से भी हैं। किताब में एना ने बताया है कि वो बतौर रशियन इंटेलिजेंस एजेंट कैसे काम करती थीं और उन्होंने पश्चिमी देशों के साथ रूस के डिप्लोमैटिक रिश्तों के सीक्रेट भी शेयर किए हैं।

## मौसम में बढ़ती ठंडक और पक्षियों की अठखेलियां



भोपाल। गुरुवार सुबह सर्द मौसम के दौरान आसमान में उड़ते कबूतर अठखेलियां करते हुए। शहर में आमतौर पर ऐसे दृश्य झील के किनारे दिखाई देते हैं।

## बजरंग सेना समिति अध्यक्ष, ने पंडितों को भेंट किए दीप

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने हर साल की तरह इस वर्ष भी दीपावली के पावन पर्व पर समिति के अर्चक पुरोहित और बाल पंडितों को मिष्ठान और दीपदान भेंट किया। उन्होंने अपने प्रतिष्ठान गुरुकृपा एसोसिएट्स पर पंडित राजकुमार गर्ग और बाल पंडितों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर, समिति के अर्चक पंडित राजकुमार गर्ग और बाल पंडितों ने बालाजी महाराज जी से समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी के दीर्घायु और उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना की।



### भोपाल में 150 से ज्यादा लोगों की जल चुकी हैं आंखें

# देसी पटाखा गन से झुलसी दो बच्चों की आंखों में लगाई गर्भ की झिल्ली, जीएमसी में सर्जरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**देसी पटाखा गन से अकेले भोपाल में 150 से ज्यादा लोगों की आंखें जल चुकी हैं। इनमें सबसे ज्यादा 7 से 14 साल के बच्चे शामिल हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के नेत्र विभाग में 36 मरीजों का इलाज चल रहा है। अब तक 15 की सर्जरी की जा चुकी है, जबकि दो बच्चों की आंखों में डॉक्टरों ने एमनियोटिक मेम्ब्रेन लगाई है।**

यह वही झिल्ली जो प्रसव के दौरान गर्भ से निकलती है और अब आंखों की रोशनी बचाने की उम्मीद बन गई है। डॉक्टरों का कहना है कि यह 'जीवित पट्टी' घाव भरने और आंख की पारदर्शिता बनाए रखने में मदद करती है। झिल्ली इंदौर से मंगाई गई थी और इसे लगने के दो से तीन सप्ताह बाद ही पता चलेगा कि आंखों की रोशनी कितनी बच सकी है।

**क्या है एम्नियोटिक मेम्ब्रेन–** जीएमसी की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अदिति दुबे ने बताया कि एमनियोटिक मेम्ब्रेन प्लैसेंटा (गर्भनाल) की सबसे अंदरूनी झिल्ली होती है। यह बेहद पतली, पारदर्शी और लचीली परत होती है जिसमें ग्रोथ फैक्टर, एंटी इंफ्लैमेटरी प्रोटीन और हीलिंग एजेंट प्राकृतिक रूप से मौजूद रहते हैं। प्रसव के बाद यह झिल्ली सुरक्षित रूप से ली जाती है, फिर स्टेराइल प्रक्रिया से संरक्षित की जाती है ताकि इसे जरूरत पड़ने पर सर्जरी में इस्तेमाल किया जा सके।

डॉ. दुबे के अनुसार, एमनियोटिक मेम्ब्रेन आंख की सतह पर एक प्राकृतिक पट्टी की तरह काम करती है। इसे तब लगाया जाता है जब आंख का ऊपरी हिस्सा यानी कॉर्निया या कंजंक्टाइवा गंभीर रूप से घायल, संक्रमित या जल चुका हो।







### दो घंटे में दो मरीजों में की गई इंप्लांट

जीएमसी के नेत्र विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चों में यह सर्जिकल प्रोसीजर कर लगाई गई। बुधवार को दोनों सर्जरी दो घंटे में पूरी कर लगी गई थी। है। इसके लिए मरीजों की आंख में लोकल एनेस्थीसिया देकर झिल्ली को कॉर्निया पर रखा गया। इसके बाद उसे बायोग्रेडेबल गोंद से स्थिर कर दिया गया। मेम्ब्रेन धीरे-धीरे खुद घुल जाएगी। जिससे नीचे नई कोशिकाएं बनने लगेंगी। जितनी ज्यादा कोशिकाएं बनेंगी, उतना ही ज्यादा विजन लौटने की संभावना रहेगी। डॉ. अदिति दुबे ने कहा कि पटाखा गन से आई चोटों में कई मरीजों की कॉर्निया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। एमनियोटिक मेम्ब्रेन ऐसे मामलों में बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। यह झिल्ली आंख को संक्रमण से बचाती है, पारदर्शिता लौटाने में मदद करती है और कई बार दृष्टि को पूरी तरह बहाल भी कर देती है। हालांकि, इसके रिजल्ट दो से तीन हफ्ते के बाद साफ हो पाते हैं।

### सेवासदन में 45 लोगों का इलाज

हिरदाराम नगर। दीपोत्सव 2025 के दौरान आतिशबाजी के कारण घायल हुए लोगों का इलाज करने के लिए संतनगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में विशेष प्रबंध किए गए हैं। पिछले चार दिनों में, आतिशबाजी से आंखों में चोट लगने के कुल 45 मामले सामने आए हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, धनतेरस के दिन 11 व्यक्तियों की आँखें चोटिल हुई थीं, जिनका सफलतापूर्वक इलाज किया गया। वहीं, 19 से 21 अक्टूबर के बीच 34 अन्य लोगों की आँखों में चोटें आईं। इनमें भोपाल से 26, सीहोर से आठ, होशंगाबाद से पांच, राजगढ़ से दो और नरसिंहपुर, रायसेन, विदिशा जिलों से एक-एक व्यक्ति इलाज के लिए सेवा सदन पहुँचे। इनमें से 40 घायलों का सफल इलाज करके उन्हें छुट्टी दे दी गई है। हालांकि, पाँच व्यक्तियों की आँखों में गंभीर चोटें आई हैं।

### सांसद वीडी शर्मा की डिमांड पर मिली वंदे भारत ट्रेन

# खजुराहो से बनारस तक चलेगी मंत्रालय ने जारी किया शेड्यूल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

केंद्र सरकार ने विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो से बनारस तक वंदे भारत ट्रेन चलाने को मंजूरी दी है। इसका शेड्यूल भी रेल मंत्रालय ने जारी कर दिया है। केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने खजुराहो सांसद वीडी शर्मा को पत्र लिखकर ट्रेन मंजूर होने और शेड्यूल जारी होने की जानकारी दी है। इसके पहले एमपी में 4 वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं। बीजेपी के खजुराहो से सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी वीडी शर्मा ने कहा कि इसे कहते हैं मोदी की गारंटीजफिर दिखा बुंदेलखंड की जनता के प्रति पीएम नरेंद्र मोदी का प्यारज.दीपावली पर दिया वंदे भारत का उपहार। शर्मा ने इसको लेकर पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद करते हुए कहा है कि खजुराहो से बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को मंजूरी मिली है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शर्मा को स्वीकृति पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। इसमें खजुराहो से बनारस चलने वाली वंदे भारत का शेड्यूल जारी किया है। गौरतलब है कि खजुराहो सांसद शर्मा ने खजुराहो से बनारस तक वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर 24 जुलाई और 5 अक्टूबर को रेलमंत्री वैष्णव से मुलाकात कर पत्र सौंपा था। इसके बाद रेल मंत्रालय ने ट्रेन चलाने पर सहमति दी है।



### खजुराहो से दोपहर बाद 3:20 बजे चलेगी ट्रेन

रेलमंत्री वैष्णव के पत्र में कहा गया है कि वंदे भारत ट्रेन खजुराहो से दोपहर बाद 3:20 बजे चलेगी। ट्रेन खजुराहो से महोबा, बांदा होते हुए चित्रकूट धाम शाम 6:13 पहुंचेगी। इसके बाद चित्रकूट धाम से प्रयागराज छिवकी फिर विंध्याचल से ब्लॉक hut K होते हुए रात 11 बजे वाराणसी पहुंचेगी। दूसरे दिन सुबह 5:25 बजे ट्रेन बनारस से खजुराहो के लिए रवाना होगी और 6310 बजे ब्लॉक hut K, इसके बाद 6355 बजे विंध्याचल पहुंचेगी। ट्रेन 8 बजे प्रयागराज छिंवकी, 10305 बजे चित्रकूट धाम, 11308 बजे बांदा, 12308 बजे महोबा और दोपहर बाद 1310 बजे खजुराहो पहुंचेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन इसके पहले रानी कमलापति से हजरत निजामुद्दीन, रानी कमलापति से रीवा, इंदौर से नागपुर और खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन के लिए चल रही हैं। अब खजुराहो से बनारस का शेड्यूल जारी होने के बाद एमपी से चलने वाली यह पांचवीं वंदे भारत ट्रेन होगी।

### दक्षिण में बने सिस्टम का मप्र में असर

# ग्वालियर-जबलपुर समेत 12 जिलों में बारिश, मैहर में बिजली गिरने से 2 की मौत



भोपाल, दोपहर मेट्रो

दक्षिण-पूर्वी अरब सागर में बने लो प्रेशर एरिया का असर मध्यप्रदेश के दक्षिणी हिस्सों के जिलों में भी है। पिछले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर, जबलपुर समेत 12 जिलों में बूंदाबांदी और गरज-चमक का दौर रहा। ऐसा ही मौसम अगले 4 दिन तक बने रहने की संभावना है। इधर, मैहर जिले के अरगट गांव में बुधवार शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला और एक किसान की मौत हो गई। वहीं, अन्य दो किसान घायल हो गए। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, यह सिस्टम आगे बढ़ रहा है। इस वजह से प्रदेश में भी असर देखने को मिल सकता है। इसकी वजह से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। वहीं, उत्तरी हिस्से में दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी सक्रिय है।

**चार दिन इन जिलों में दिखेगा असर–** मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4 दिन तक सिस्टम का दक्षिणी जिलों में असर देखने को मिल सकता है। गुरुवार को बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, पांढुर्णा और बालाघाट में बूंदाबांदी, आंधी और गरज-चमक वाला मौसम रह सकता है। 24, 25 और 26 अक्टूबर को इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग में असर दिखाई देगा। इससे पहले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर, सागर, छतरपुर, नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, रायसेन, बैतूल, जबलपुर, सिवनी, रीवा और छिंदवाड़ा में हल्की बारिश हुई। जबलपुर में दिवाली की रात भी पौन इंच पानी गिर गया था।

### दिन का तापमान बढ़ा, रात का घटा

हल्की बारिश, गरज-चमक और आंधी के बीच प्रदेश में रातें ठंडी भी हो गई है, लेकिन दिन गर्म है। मौसम विभाग के अनुसार, अक्टूबर में ऐसा ही मौसम रहेगा। नवंबर के दूसरे सप्ताह से तेज ठंड का दौर शुरू हो जाएगा। इससे पहले बुधवार को कई शहरों में दिन का तापमान बढ़ गया, जबकि रात के पारे में गिरावट हुई। मंगलवार-बुधवार की रात भोपाल में 18.2 डिग्री, इंदौर में 20.8 डिग्री, उज्जैन में 21.5 डिग्री, ग्वालियर में 22.2 डिग्री और जबलपुर में 22.1 डिग्री रहा। नरसिंहपुर, नौगांव, टीकमगढ़, मलाजखंड, धार, खंडवा, खरगोन, पचमढ़ी, राजगढ़, शिवपुरी में पारा 20 डिग्री से नीचे रहा। वहीं, बुधवार को दिन में दतिया, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, सागर, सतना, उमरिया में पारा 32 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग के अनुसार, नवंबर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो जाता है, जो जनवरी तक रहता है। इस बार फरवरी तक ठंड का असर रहने की संभावना है।

# बिल्डर दिनेश के खिलाफ बड़े प्रदर्शन की तैयारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

करोद इलाके में राजवंश कॉलोनी बनाने वाले बिल्डर दिनेश जैन के खिलाफ बड़े प्रदर्शन की तैयारी शुरू हो गई है। कॉलोनी के लोगों ने फैसला लिया है कि आगामी मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जाकर बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के नेता मनोज शुक्ला उनके साथ रहेंगे। दीपक दीवान, अमित खत्री, युवराज सिंह राय, प्रताप भानु सिंह एडवोकेट एवं अन्य रहवासियों का कहना है कि वह पिछले 20 साल से बिजली के अस्थाई कनेक्शन पर निर्भर है। इसके कारण उन्हें सामान्य से अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है। बिजली कंपनी वाले कहते हैं कि, राजवंश कॉलोनी अवैध है इसलिए यहां पर स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं दिए जाएंगे। जबकि नगर निगम इस कॉलोनी से नियमानुसार प्रॉपर्टी टैक्स एवं सफाई का पैसा ले रही है। यह सब कुछ बिल्डर की गड़बड़ी के कारण हुआ है। कॉलोनी को स्थाई बिजली कनेक्शन दिलवाना बिल्डर की जिम्मेदारी है। बिल्डर दिनेश जैन को विधायक से लेकर पार्षद तक सबका संरक्षण कॉलोनी के लोगों ने अपने बयान में स्पष्ट तो नहीं कहा लेकिन यह जरूर कहा कि सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इसके बारे में बता चुके हैं लेकिन कोई मदद नहीं कर रहा है। इसलिए अब कांग्रेस के नेता मनोज शुक्ला को बुलाया है। मनोज शुक्ला का कहना है कि वह सारे लोगों को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय जाएंगे और बिल्डर दिनेश जैन के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रदर्शन करेंगे।

### रखरखाव के दावों के बावजूद बिजली गुल, रहवासियों में आक्रोश

# दीपावली पर भी अंधेरे में डूबा रहा संत नगर

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो

दीपोत्सव के महापर्व पर संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) के रहवासियों को बिजली कटौती की समस्या से जूझना पड़ा। मेंटेनेंस के नाम पर दीपावली से पहले घंटों बिजली गुल रहने के बावजूद, दीपावली की शाम और रात को भी कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

संत हिरदाराम नगर के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग समय पर बिजली गुल हुई। कुछ क्षेत्रों में यह कटौती 15 मिनट से लेकर आधे घंटे तक रही, जिसने लोगों के पूजन और आतिशबाजी में व्यवधान डाला। वहीं, कई अन्य इलाकों में तो लगभग दो घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। त्योहार की रात में इस तरह की लंबी कटौती ने लोगों को खासी परेशानी में डाल दिया। इस समस्या से परेशान रहवासियों ने बिजली कंपनी के रखरखाव के दावों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीपावली के पहले बिजली कंपनी ने मेंटेनेंस (रखरखाव) के नाम पर कई-कई घंटों की कटौती की थी। कंपनी ने दावा किया था कि यह कटौती निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। एक स्थानीय निवासी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा, ÷मेंटेनेंस के नाम पर दिन भर बिजली काटी गई, ताकि दीपावली पर कोई दिक्कत न हो, लेकिन त्योहार की रात को ही बिजली ने धोखा दे दिया। लाखों रुपये के बिजली के बिल भरने के बाद भी अगर हमें दिवाली की रात अंधेरे में बितानी पड़े तो इस मेंटेनेंस का क्या फायदा?÷ बिजली गुल होने के कारणों को लेकर कंपनी के स्थानीय अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। रहवासियों ने मांग की है कि बिजली कंपनी इस लापरवाही के लिए जवाबदेह बने और यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में त्योहारों के दौरान इस प्रकार की अव्यवस्था न हो। दीपावली के उल्लास के बीच हुई इस बिजली कटौती ने संत हिरदाराम नगर के निवासियों के मन में भारी आक्रोश और निराशा पैदा कर दी है।



**मेट्रो एंकर**

### छठ महापर्व पर घर जाने की होड़, स्टेशनों पर भारी भीड़

# बिहार-झारखंड की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें फुल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पूर्वात्तर भारतीयों को छठ पूजन के लिए अपने घर जाने के लिए इन दिनों बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस महापर्व के लिए भोपाल- इंदौर से चलने वाली बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में रिग्रेट या सीटें उपलब्ध नहीं है, कि स्थिति आ रही है। वहीं, अभी तक किसी अन्य विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा नहीं हुई है। इंदौर पटना सहित अन्य ट्रेनों में लंबी वेटिंग है या ट्रेन में रिग्रेट की स्थिति आ रही है। न सिर्फ भोपाल- इंदौर बल्कि उज्जैन, खंडवा सहित अन्य स्थानों से होकर आने जाने वाली ट्रेनों में भी वेटिंग या फिर रिग्रेट पोजिशन है।

**बुकिंग की मारामारी–** रेलवे विशेषज्ञों का कहना है कि इंदौर से पटना की ओर जाने वाली ट्रेनों रोजाना चलाना चाहिए, जिससे की वेटिंग कम की जा सकें। त्योहारी सीजन में स्पेशल ट्रेन चलाना थी, लेकिन नहीं चलाई गई। रतलाम मंडल द्वारा वर्तमान में इंदौर-पटना के लिए इस समय तीन ट्रेनें चलती हैं। इनमें इंदौर-पटना एक्सप्रेस, महू-पटना स्पेशल और इंदौर-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस है। ये सभी साप्ताहिक या सप्ताह में दो दिन चलने वाली ट्रेनें है। यह ट्रेन आम दिनों में ही फुल चलती है। अब छठ पूजन का समय नजदीक आ गया है, तो बुकिंग की मारामारी



### ट्रेनों में आ रहा रिग्रेट या सीटें उपलब्ध नहीं

- इंदौर-पटना एक्सप्रेस 22 अक्टूबर को रवाना हुई उसमें स्लीपर, थर्ड-ई, सेकंड एसी, फर्स्ट एसी और तत्काल सहित सभी श्रेणियों में सीट उपलब्ध नहीं है।
- इसी प्रकार महू से पटना जाने वाली ट्रेन में स्पीपर में 112 वेटिंग, थर्ड-ई 32 वेटिंग, थर्ड एसी में 60 वेटिंग और सेकंड एसी में 22 वेटिंग और सभी तत्काल श्रेणियों में सीटें उपलब्ध नहीं है।
- 25 अक्टूबर को जाने वाली इंदौर-पटना में स्लीपर में 107 वेटिंग, थर्ड-ई 34, थर्ड एसी 77, सेकंड एसी में 27 और फर्स्ट एसी में छह वेटिंग की स्थिति बताई जा रही है।
- 27 और 29 अक्टूबर को इंदौर-पटना में सभी श्रेणियों में वेटिंग की स्थिति बनी हुई है।
- 30 अक्टूबर को स्लीपर में 27 वेटिंग और एसी में सीटें उपलब्ध हैं। जनरल डिब्बों की हालत ये है कि यात्री शौचालयों में बैठें है। साथ ही गेट पर लटककर और सामान रखने के स्थान पर भी बैठकर जा रहे हैं।
- उज्जैन से जाने वाली ट्रेन 24 अक्टूबर को सूरत से चलकर उज्जैन होते हुए मुजफ्फरपुर ट्रेन में स्लीपर में 19 वेटिंग, थर्ड एवं सेकंड एसी में रिग्रेट और फर्स्ट एसी में तीन वेटिंग बता रहा है।
- 25 अक्टूबर को मुंबई सेंट्रल-कटिहार में स्लीपर में 224, थर्ड एसी में 92 और सेकंड एसी में 26 वेटिंग है।
- 23 अक्टूबर को साबरमती एक्सप्रेस और वत्वा-रक्सोल एक्सप्रेस दोनों की ट्रेनों में रिग्रेट है।
- 24 अक्टूबर को अवध एक्सप्रेस में स्लीपर में 24 वेटिंग और अन्य सभी श्रेणियों में रिग्रेट की स्थिति है।
- 27 अक्टूबर को अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस में सभी श्रेणियों में रिग्रेट की स्थिति है।
- 22 अक्टूबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनल-रत्नागिरि, उधना-बारौनी, पुणे-सुपौल, लोकमान्य तिलक टर्मिनल-दरभंगा, पुणे-मुजफ्फपुर, छत्रपति महाराज-आसानसोल एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में सभी श्रेणियों में रिग्रेट है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के हातौद में कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी पहलवानों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दीं।

### 211 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र को भेजा

# प्रदेश में हर जिले में दवाओं की होगी जांच, तैयारी शुरू

भोपाल, दोहपर मेट्रो

**मध्यप्रदेश में जहरीले सिरप से 26 बच्चों की मौत के बाद अब राज्य सरकार दवाओं में होने वाली मिलावट की जांच माइक्रो लेवल पर कराने की तैयारी कर रही है। इसके लिए दवाओं की जांच के पूरे सिस्टम को अपग्रेड करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। दावा है कि जिलों में मोबाइल लैब की मदद से जांच की जाएगी।**

इस बदलाव पर करीब 211 करोड़ रुपए खर्च करने की तैयारी है। यह प्रस्ताव राज्य औषधि सुरक्षा और नियामक सुदृढ़ीकरण योजना (ररऊफर 2.0) के तहत केंद्र सरकार को भेजा गया है। अब तक दवाओं की जांच सिर्फ भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर तक सीमित थी, लेकिन अब हर जिले में ड्रग इंस्पेक्टर का स्वतंत्र कार्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए 110 करोड़ का प्रावधान है। 50 करोड़ की लागत से चारों स्टेट ड्रग लैब को अपग्रेड किया जाएगा।

एक माइक्रोबायोलॉजी लैब भी तैयार होगी। वहां वे जांचें भी हो सकेंगी, जो अब तक नहीं हो पा रही



थी। अफसरों का तर्क है कि इससे हर दवा की गुणवत्ता की जांच और निगरानी मजबूत होगी। हर जिले में ड्रग इंस्पेक्टर का अलग ऑफिस होगा दवाओं की जांच के लिए अब हर जिले में ड्रग इंस्पेक्टर का स्वतंत्र कार्यालय बनाया जाएगा। अभी छोटे जिलों में ड्रग इंस्पेक्टर्स दूसरे कार्यालयों में जहां जगह होती है, वहां बैठते हैं। नए ऑफिस में आधुनिक आईटी सिस्टम, सर्वर, कंप्यूटर और प्रशिक्षण हॉल समेत तमाम जरूरी इंतजाम होंगे।

दवा निरीक्षण, लाइसेंसिंग और रिपोर्टिंग प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी। इससे दवाओं की सैंपलिंग, उनकी मॉनिटरिंग और जांच तीनों की रफ्तार बढ़ जाएगी। नए ड्रग इंस्पेक्टर्स के पदों पर भर्ती होगी।

#### 50 करोड़ में होगा लैब अपग्रेडेशन

मौजूदा लैब के अपग्रेडेशन पर 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर की लैब में अब माइक्रोबायोलॉजी और स्टेरिलिटी टेस्टिंग यूनिट शुरू होगी। यह जांचेंगी कि किसी दवा में फंगस-बैक्टीरिया, मिलावट या कोई अन्य रासायनिक गड़बड़ी तो नहीं है। लैबों को मान्यता दिलाने की तैयारी भी प्रस्ताव में।

#### मध्यप्रदेश में सिरप से 26 बच्चों की मौत हुई

मध्यप्रदेश में अब तक जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 26 बच्चों की मौत हो चुकी है। बच्चों की मौत की प्रारंभिक वजह किडनी फेल होना बताया जा रहा है, लेकिन ये केवल यहां तक सीमित नहीं थी। कफ सिरप में शामिल डायएथिलीन ग्लाइकॉल केमिकल ने बच्चों के दूसरे अंगों को भी धीरे-धीरे डैमेज किया था, जिसमें लिवर और फेफड़े भी शामिल है। इसका सबसे भयावह पहलू ये है कि जहरीली दवा से बच्चों के ब्रेन ने काम करना बंद कर दिया था।

### स्कूल नवाचार में मप्र चौथे स्थान पर

# यूपी-महाराष्ट्र, गुजरात के बाद सबसे आगे 18 हजार से अधिक स्कूलों ने की भागीदारी

भोपाल, दोहपर मेट्रो

देश के स्कूलों में नवाचार और समस्या समाधान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 में मध्यप्रदेश ने शानदार प्रदर्शन किया है। राज्य के 18,129 स्कूलों ने इसमें भाग लिया, जिससे वह देश में चौथे स्थान पर रहा।

सबसे ज्यादा 78,206 स्कूलों के साथ उत्तर प्रदेश पहले, 41,198 स्कूलों के साथ महाराष्ट्र दूसरे और 20,017 स्कूलों के साथ गुजरात तीसरे स्थान पर रहा। तमिलनाडु और बिहार इसके बाद हैं। मध्यप्रदेश की यह स्थिति बताती है कि ग्रामीण और शहरी, दोनों स्तरों पर स्कूलों में डिजिटल लर्निंग और नवाचार की सोच तेजी से बढ़ रही है।

यह प्रदर्शन छोटे राज्यों के मुकाबले कहीं बेहतर रहा है, क्योंकि झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे




राज्यों की भागीदारी 10 हजार से भी कम रही। राज्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस प्रतियोगिता में छात्रों को नवाचार आधारित मॉडल और डिजिटल समाधान तैयार करने का मौका मिला।

राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए स्कूलों को आगे इनोवेटिव इंडिया कैटेगरी में शामिल किया जाएगा। 31 अक्टूबर तक पोर्टल पर एंट्री जारी रहेगी। इसके बाद दिसंबर में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। कुल 1000 जिलों से चुने गए सर्वश्रेष्ठ स्कूलों को राष्ट्रीय मंच पर पुरस्कार मिलेगा।

#### मप्र की ज्यादा भागीदारी के मायने

ज्यादा स्कूलों की भागीदारी से राज्य को केंद्रीय योजनाओं और इनोवेशन ग्रांट्स में प्राथमिकता मिलेगी। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्कूलों को स्मार्ट लर्निंग लैब, एआई-बेस्ड टूल्स और डिजिटल क्लासरूम सेटअप के लिए अतिरिक्त संसाधन दिए जाएंगे। इससे शिक्षकों को नई तकनीक पर प्रशिक्षण और छात्रों को वैज्ञानिक सोच-आधारित प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। राज्य शिक्षा विभाग को भी अगले साल के लिए अलग नवाचार फंडिंग और राष्ट्रीय मान्यता की श्रेणी में लाभ मिल सकता है। कुल मिलाकर, ज्यादा भागीदारी का मतलब है कि स्कूलों में आधुनिक शिक्षा, तकनीकी प्रयोग और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल का सीधा फायदा बच्चों तक पहुंचेगा।

### शाजापुर में जारी अभियान पांच नवंबर तक चलेगा

# बोमा पद्धति से हेलीकाप्टर से हांका लगा कर करीब तीन दर्जन हिरणों को पकड़ा

भोपाल/शाजापुर, दोहपर मेट्रो

जिले के कालापीपल क्षेत्र के ग्राम इमलीखेड़ा में दक्षिण अफ्रीका की टीम की मदद से बोमा पद्धति से हेलिकॉप्टर से हांका लगाकर 34 कृष्णमृग पकड़े गए। इन्हें विशेष ट्रकों से गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य मंदसौर के जंगल में छोड़ा गया। इसके पहले सोमवार को 45 कृष्णमृग पकड़े गए थे। इस तरह ग्राम इमलीखेड़ा क्षेत्र से दो बार में कुल 79 मृग पकड़े गए हैं। बुधवार को वन विभाग की टीम द्वारा इमलीखेड़ा गांव क्षेत्र से बोमा हटाकर सामान समेट लिया गया है। अब कालापीपल क्षेत्र के ही अरनियाकलां क्षेत्र में बोमा लगाया जाएगा।



अधिकारियों ने बताया कि मध्य प्रदेश और विशेषकर पश्चिम मध्य प्रदेश के राजस्व क्षेत्र में कृष्णमृग एवं रोजड़ों के खेतों को नुकसान पहुंचाने की समस्या के निदान के रूप में दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन साल्यूशंस की टीम एवं वन विभाग की टीम द्वारा हेलिकॉप्टर और बोमा पद्धति से कृष्णमृगों को पकड़ने का अभियान शुरू किया गया है। अभियान की शुरुआत 15 अक्टूबर से हुई है, यह पांच नवंबर तक चलेगा। बुधवार को ग्राम इमलीखेड़ा से 34 कृष्णमृग को किसानों के खेतों से पकड़कर गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य के जंगल में छोड़ा गया। इससे किसानों को होने वाले फसल नुकसान में कमी आएगी।

अभियान में हेलिकॉप्टर की मदद ली जा रही है। हेलिकॉप्टर से ही हांका लगाकर कृष्णमृग को बोमा तक लाया जा रहा है। सोमवार को हेलिकॉप्टर से हांका लगाकर 45 कृष्णमृग पकड़े गए। इसके बाद हेलिकॉप्टर शाजापुर पुलिस लाइन मैदान में लाकर खड़ा किया गया। जानकारी के अनुसार इस हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। जिसे मंगलवार को दुरुस्त करने की कवायद की गई। हालांकि इसके बाद भी हेलिकॉप्टर का उपयोग नहीं हुआ। ऐसे में बुधवार को चलाए गए अभियान के लिए दूसरा हेलिकॉप्टर बुलाना पड़ा।




# अमेरिकियों का जवाब देता धैर्य

ट्रम्प की तानाशाही के खिलाफ अमेरिका में आखिरकार नागरिकों का धैर्य जवाब देने लगा है। विगत रविवार को वहां लगभग 2700 जगहों पर 70 लाख लोगों का सड़क पर उतरना इस बात का प्रमाण है। अमेरिका के इतिहास में इसे सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन बताया जा रहा है। हालांकि इसी साल 14 जून को भी अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ दो हजार जगहों पर प्रदर्शन हुए थे लेकिन इस बार के प्रदर्शन ने तो रिकॉर्ड ही कायम कर दिया। इन प्रदर्शनों को नो किंग्स नाम दिया गया है, जिसका मतलब है कि अमेरिका में किसी राजा का शासन नहीं है। अमेरिका का लोकतंत्र आधुनिक इतिहास में दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र माना जाता है, लेकिन डोनॉल्ड ट्रम्प के रवैये से अब वहां तानाशाही के हावी होने का खतरा पैदा हो गया है।

दरअसल आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए वहां के राष्ट्रपति को संविधान में कुछ विशेष अधिकार प्रदान किए गए हैं लेकिन ट्रम्प उनका अत्यधिक दुरुपयोग कर रहे हैं। व्हाइट हाउस में वापसी के बाद ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए कई कार्यकारी आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कांग्रेस से स्वीकृत फंडिंग को रोक दिया, संघीय सरकार में छंटनी की, कई देशों पर व्यापक टैरिफ लगाए। हाल के वक्त में उन्होंने गवर्नरों के विरोध के बावजूद कई शहरों में नेशनल गाईस की तैनाती की। राष्ट्रपति का कहना है कि उनके ये कदम संकट में घिरे देश के पुनर्निर्माण के लिए जरूरी हैं। लेकिन ट्रम्प प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन पॉलिसी, व्यापक टैरिफ, अमेरिकी शहरों में नेशनल गाईस की तैनाती और लाखों अमेरिकी लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती को लेकर लोगों में भारी चिंता है। अपने विरोधियों को ट्रम्प जिस तरह से धमकाते हैं, उसके बावजूद अगर लोग इतनी बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर रहे हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोगों में उनके खिलाफ कितना भारी गुस्सा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों पर मनमाना टैरिफ लगाकर वे अमेरिका के मित्र देशों को भी उसके खिलाफ करते जा रहे हैं और इस बढ़े हुए टैरिफ का खामियाजा भी अमेरिकियों को ही भुगतना पड़ रहा है। अपने खिलाफ हो रहे नो किंग्स प्रदर्शनों को लेकर ट्रम्प का कहना है कि वे कोई राजा नहीं हैं। लेकिन हकीकत में उनका व्यवहार किसी तानाशाह से कम नहीं है। बताया जाता है कि ट्रम्प ने 20 सेकंड का एक एआई-जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे ताज पहने और एक फाइटर जेट पायलट के रूप में दिखे। विमान पर किंग ट्रम्प लिखा हुआ था और वीडियो में ट्रम्प प्रदर्शनकारियों पर मल गिराते हुए दिखाए गए। ट्रम्प द्वारा इस तरह का वीडियो पोस्ट करना आखिर तानाशाही नहीं तो और किस तरह की मानसिकता को दर्शाता है?

**जयंती पर विशेष**

# उन्नीसवीं शताब्दी की प्रथम बलिदानी कित्तूर की वीरांगना रानी चेन्नमा



**डॉ. आनंद सिंह राणा**
इतिहास के प्राध्यापक

जब तक तुम्हारी रानी की नसों में रक्त की एक भी बूंद है, कित्तूर को कोई नहीं ले सकता- वीरांगना रानी चेन्नमा का ये कालजयी कथन भारतीयों को स्व के लिए सर्वस्व अर्पित कर देने की सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्नीसवीं शताब्दी में भारत की प्रथम बलिदानी वीरांगना कित्तूर की रानी- चेन्नम्मा ही थीं, जिन्होंने 11 दिन लगातार अंग्रेजों को पराजित किया और 12 वें दिन अपने लोगों के ही धोखा देने से पराजित हुईं। वीरांगना रानी चेन्नम्मा का गौरवशाली इतिहास है। उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में रानी चेन्नम्मा भारत की स्वतंत्रता हेतु सक्रिय होने वाली पहली वीरांगना थीं। सर्वथा अकेली होते हुए भी उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य पर दहशत जमाए रखी।



अंग्रेजों को भगाने में रानी चेन्नम्मा को सफलता तो नहीं मिली, किंतु ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध खड़ा होने के लिए रानी चेन्नम्मा ने अनेक स्त्रियों को प्रेरित किया। कर्नाटक के कित्तूर रियासत की वह वीरांगना चेन्नम्मा रानी थी। आज वह कित्तूर की रानी चेन्नम्मा के नाम से जानी जाती हैं। रानी चेन्नम्मा का जन्म काकती गांव में (कर्नाटक के उत्तर बेलगांव के एक देहात में) 23 अक्टूबर 1778 में हुआ। बचपन से ही उन्हें घोड़े पर बैठना, तलवारबाजी तथा तीर चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। पूरे गांव में अपने वीरतापूर्ण कृत्यों के कारण से वह परिचित थीं। रानी चेन्नम्मा का विवाह कित्तूर के शासक मल्लसारजा देसाई से 15 वर्ष की आयु में हुआ। उनका विवाहोत्तर जीवन सन् 1816 में उनके पति की मृत्यु के पश्चात एक दुखभरी कहानी बनकर रह गया। उनका एक पुत्र था किंतु दुर्भाग्य उनका पीछा कर रहा था। सन् 1824 में उनके पुत्र ने अंतिम सांस ली तथा उस अकेली को ब्रिटिश सत्ता से लड़ने हेतु छोड़ कर कर चला गया।

अंग्रेजों द्वारा व्यपगत की नीति के अंतर्गत रानी चेन्नम्मा की रियासत को ब्रिटिश साम्राज्य में मिलाने के लिए अल्टीमेटम दिया और कित्तूर रियासत धारवाड़ जिलाधिकारी के प्रशासन में आ गया। चॅपलीन उस क्षेत्र का कमिश्नर था। उसने नए शासनकर्ता को नहीं माना तथा सूचित किया कि कित्तूर को अंग्रेज़ों का शासन स्वीकार करना होगा। अतः वीरांगना रानी चेन्नम्मा ?ो अंग्रेज़ों के विरुद्ध युद्धघोष करना पड़ा। अंग्रेजों के मनमाने व्यवहार का रानी चेन्नम्मा तथा स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध किया। ठाकरे ने कित्तूर पर आक्रमण किया। इस युद्ध में कई ब्रिटिश सैनिकों के साथ ठाकरे मारा गया। एक छोटे शासक के हाथों अपमानजनक हार स्वीकार करना अंग्रेजों के लिए बड़ा कठिन था। उन्होंने मैसूर तथा सोलापुर से प्रचंड सेना लाकर कित्तूर को घेर लिया।


रानी चेन्नम्मा ने युद्ध टालने का अंत तक प्रयास किया, उसने चॅपलीन तथा बॉम्बे प्रेसिडेन्सी के गवर्नर से बातचीत की, जिनके प्रशासन में कित्तूर था। उसका कुछ परिणाम नहीं निकला। आखिरकार परीक्षा की घड़ी आ ही गई और रानी चेन्नम्मा ने युद्ध की घोषणा कर दी। 12 दिनों तक पराक्रमी रानी तथा उनके सैनिकों ने उनके किले की रक्षा की, किंतु अपनी आदत के अनुसार इस बार भी विश्वासघातियों ने तोपों के बारुद में कीचड़ एवं गोबर भर दिया। सन् 1824 में रानी की हार हुई। उन्हें बंदी बनाकर जीवनभर के लिए बैलहोंगल के किले में रखा गया। रानी चेन्नम्मा ने अपने बचे हुए दिन पवित्र ग्रंथ पढ़ने तथा पूजा-पाठ करने में बिताए। सन् 1829 में उनकी मृत्यु हुई।

कित्तूर की रानी चेन्नम्मा ब्रितानियों के विरुद्ध युद्ध भले ही न जीत सकी, किंतु विश्व के इतिहास में उनका नाम अजर अमर हो गया। कर्नाटक में उनका नाम शौर्य की देवी के रुप में बड़े आदरपूर्वक लिया जाता है। रानी चेन्नम्मा एक दिव्य चरित्र बन गई। स्वतंत्रता आंदोलन में जिस धैर्य से उन्होंने अंग्रेज़ों का प्रतिरोध किया, वह कई नाटक, लंबी कहानियां तथा गानों के लिए विषय बन गया। लोकगीत एवं लावनी गाने वाले जो पूरे क्षेत्र में घूमते थे, स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में जोश भर देते थे।

दुर्भाग्य देखिए कि तथाकथित वामपंथी और परजीवी सेक्यूलर इतिहासकारों ने इतिहास लिखते समय- सोलहवीं शताब्दी की महान् वीरांगना रानी अब्बक्का चौटा, अठारहवीं शताब्दी की महान् वीरांगना वेलु नचियार और उन्नीसवीं सदी की भारत की प्रथम बलिदानी वीरांगना कित्तूर की रानी चेन्नम्मा के स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदान को हाशिये में भी नहीं रखा। अब इन महान व्यक्तित्वों को प्रतिष्ठित किए जाने की जरूरत है।

**विश्व हिम तेंदुआ दिवस**

# हिम तेंदुओं के संरक्षण में लद्दाख की पहल, एक प्रेरणादायक उदाहरण



**दिलीप कुमार पाठक**
पत्रकार

वन्य जीवों के प्रति हमारी संवेदनाएं मृत होती जा रहीं हैं। टाइगर, तेंदुआ, शेर जैसे जानवरों के लिए हमने जंगलों को छोड़ा नहीं है। यही कारण है कि आज विशाल जनावर कभी - कभी मानव बस्तियों में घुस पड़ते हैं। हमें समझना चाहिए कि जानवर शहरों, गांवों में घूमने नहीं आते बल्कि भूख से भटकते घुस पड़ते हैं। अब चूंकि उनके जंगल हमने ख़त्म कर दिए हैं, यही कारण है कि विश्व मैरीटाइम दिवस, जिसे अंतर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस के रूप में भी जाना जाता है, दुनिया की सबसे मायावी और लुप्तप्राय हिम तेंदुआ और उनके प्राकृतिक आवास के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 23 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है।



आज जंगलों में 3,500 से 7,000 हिम तेंदुए रह गए हैं; इनकी सही संख्या अज्ञात है, क्योंकि वे अत्यंत दुर्लभ हैं तथा उनका सर्वेक्षण करना कठिन है। ये जानवर दक्षिणी साइबेरिया से तिब्बती पठार तक, भारत सहित 12 देशों में गुप्त और विरल रूप से वितरित हैं। हिम तेंदुए अपनी खाल और हड्डियों के लिए अवैध शिकारियों के शिकार होते हैं, जो काले बाजार में बहुत महंगे होते हैं। चीन के बाजारों में भेजे जाने वाले वन्यजीव अंगों के अवैध शिपमेंट में अक्सर हिम तेंदुओं की खालें और हड्डियाँ पकड़ी जाती हैं। 2005 में एक ही घटना में, मंगोलिया-चीन सीमा पार से 13 हिम तेंदुओं की खालें पकड़ी गईं। 2003-2008 के बीच चीनी बाजारों में 60 से ज्यादा हिम तेंदुओं की खालें पकड़ी गईं। चीन, हिम तेंदुओं के रहने वाले 11 अन्य देशों में से 10 के साथ सीमा साझा करता है।

हिम तेंदुए के इलाके में, लोग अभी भी पशुओं को चराकर अपना जीवन यापन करते हैं। जब हिम तेंदुए उनके पशुओं पर हमला करते हैं, तो लोग गुस्से में आकर उन्हें मार देते हैं। इससे हिम तेंदुओं की संख्या कम हो रही है। जंगली पहाड़ी भेड़ों और बकरियों का शिकार करने से हिम तेंदुओं के खाने के लिए कम भोजन बचा है, जिससे वे पालतू पशुओं पर हमला करने लगते हैं। 2009 में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार, मंगोलिया में केवल 9,100 अर्गाली बचे हैं, जो 2001 में 13,000 और 1985 में 60,000 से कम है। इसका मतलब है कि हिम तेंदुओं के लिए भोजन की कमी हो रही है। अफ़ग़ानिस्तान, पाकिस्तान और भारत में चल रहे युद्धों का हिम तेंदुओं पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। हिम तेंदुओं की खालें अक्सर काबुल, पेशावर और अन्य शहरों के बाजारों में बिकती हैं, जिससे विद्रोहियों को पैसे मिलते हैं। इससे हिम तेंदुओं की संख्या कम हो रही है।

ये तो समस्याएं हुईं परंतु सभी जागरूक लोग लोगों को जागरूक करें एवं साझा प्रयास करें तो इस दुर्लभ प्रजाति को बचाया जा सकता है द्य जब हिम तेंदुए और इंसान एक ही इलाके में रहते हैं, तो अक्सर झगड़े होते हैं। लेकिन अगर हम इस समस्या का समाधान ढूंढें, तो दोनों ही शांति से रह सकते हैं। मजबूत राष्ट्रीय संरक्षण नीतियां, अधिक जागरूकता, तथा जनता, संगठनों और सरकार का सहयोग, ऐसे समुदाय के निर्माण में मदद कर सकता है जो इन सुंदर प्राणियों की रक्षा कर सके। बेहतर पशुपालन की योजना बनाकर, शिकारियों से सुरक्षित बाड़ों का निर्माण करके, जंगली शिकार के भंडार को बहाल करके तथा तेंदुए के हमलों के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई करके पशुधन पर हमले से बचा जा सकता है। आय बढ़ाने और हिम तेंदुओं के प्रति स्थानीय प्रशंसा बढ़ाने के लिए इकोटूरिज्म और होम-स्टे को प्रोत्साहित करना। यह भारत के लद्दाख में विशेष रूप से सफल रहा है और इसमें हिम तेंदुओं के बड़े क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं।

लद्दाख में पहले हिम तेंदुआ गांवों में आकर भेड़ बकरियों को खा जाते थे, आर्थिक नुकसान करते थे, लेकिन अब हिम तेंदुआ को लोग बचाते हैं और उन्हें गांव की पहचान व शान समझते हैं। यह बदलाव स्कूली बच्चों से लेकर युवा, वयस्क, चरवाहे, महिला और बौद्ध धर्मगुरु इत्यादि सबकी भागीदारी से संभव हुआ है। हिम तेंदुआ को बचाने की शुरूआत दो दशक पहले हुई थी। सबसे पहले हिम तेंदुआ व वन्य जीवों के संरक्षण के लिए एक ट्रस्ट बनाया गया था। इसका नाम स्नो लेपर्ड कंजरवेंसी इंडिया ट्रस्ट (एसएलसी-आईटी) है, जो वर्ष 2003 में बना था। इसके सहसंस्थापक रिनचेन वांगचुक थे, जो एक लद्दाखी प्रकृतिवादी और पर्वतारोही थे। यह ट्रस्ट प्रकृति व हिम तेंदुआ के संरक्षण में जुटा हुआ है। यह ट्रस्ट स्थानीय लोगों के साथ मिलकर लुप्त होती प्रजाति हिम तेंदुआ को बचाने में लगा है। कुल मिलाकर इससे हिम तेंदुआ। वन्य जीव व प्रकृति के संरक्षण के साथ समुदायों की आजीविका की भी रक्षा हो रही है। बड़े पैमाने पर हिम तेंदुआ को मारने की समस्या पर रोक लगी है और मनुष्य व जानवर में संघर्ष में भी कमी आई है। हिम तेंदुआ के प्रति व्यवहार में परिवर्तन आया है, अब वह विनाशकारी जानवर से पर्यटन के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया है। वन्य जीवों की सुरक्षा व संरक्षण स्थानीय समुदायों की भागीदारी से की जा सकती है, जो लद्दाख की इस पहल ने कर दिखाया है। विशेषकर, पहाड़ी इलाकों के संदर्भ में यह पहल और भी महत्वपूर्ण व जरूरी हो जाती है, क्योंकि पहाड़ों में सीधे निगरानी करना संभव नहीं होता, यहां तो स्थानीय समुदाय ही निगरानी व संरक्षण कर सकते हैं। लद्दाख से पूरी दुनिया को सबक लेना चाहिए अगर दृष्टि बदल ली जाए तो सृष्टि बदल सकती है।

## सुविचार

*जो रातों को कोशिशों में गंवा देते हैं, वही सपनों की चिंगारी को और हवा देते हैं*

*- अज्ञात*

**हेल्थ टिप्स**

# कुछ खास फलों के फायदे- आंतें रहेंगी साफ और कोलन कैंसर से होगा बचाव



फल खाने के अनगिनत लाभ हैं। रोजाना फल खाने से कुछ बीमारियों जैसे कि कुछ तरह के कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं। इतना ही नहीं, फल खाने से पाचन तंत्र मजबूत रहता है, इम्यूनिटी बढ़ती है और एंटीऑक्सिडेंट्स मिलते हैं जिससे शरीर को सूजन को फ्री रेडिकल्स से बचाने में मदद मिल सकती है।

एम्स हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड ट्रेंड गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ सेठी के अनुसार, कुछ खास फल कॉलन कैंसर के खतरे को कम करने का आसान और असरदार तरीका हैं, खासकर जब यह बीमारी युवा लोगों में बढ़ रही है। इंस्टाग्राम वीडियो में उन्होंने बताया, यह बहुत जरूरी है क्योंकि कॉलन कैंसर अब युवा लोगों में तेजी से बढ़ रहा है। कैंसर रोकने के लिए कौन सा फल खाएं? पोषक तत्वों से भरपूर फलों का रोजाना सेवन करने से न केवल शरीर को पोषण मिलता है बल्कि कैंसर जैसे गंभीर और जानलेवा बीमारी से भी बचाव होता है। डॉ. सेठी ने ऐसे चार फल सुझाए जो इस खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं। खट्टे फल पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद हैं और कॉलन कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। डॉ। सेठी के अनुसार, खट्टे फल एंटीऑक्सिडेंट्स और विटामिन C से भरपूर होते हैं, जो हमारे गट बैक्टीरिया के लिए लाभकारी हैं। इनमें नींबू, लाइम, संतरा और ग्रेपफ्रूट शामिल हैं। इसके बाद है कीवी। कीवी फाइबर का अच्छा स्रोत है, जो हमारे गट माइक्रोबायोम को पोषण देता है। नियमित सेवन से पाचन स्वस्थ रहता है, कब्ज़ कम होता है और आंतों की गति ठीक रहती है।

**कैंसर से बचा सकते हैं ये फल:** डॉ. सेठी के अनुसार, सेब कॉलन कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। वे बताते हैं कि सेब का कॉलन पर बहुत मजबूत सुरक्षा प्रभाव होता है। तरबूज में लाइकोपीन नामक शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट होता है, जो इसके लाल रंग के लिए जिम्मेदार है। यह सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से लड़ने में मदद करता है। डॉ। सेठी बताते हैं कि हाल ही में किए गए मेटा-विश्लेषण में तरबूज ने कॉलन कैंसर के जोखिम को कम करने में सबसे मजबूत प्रभाव दिखाया गया क्योंकि इसमें लाइकोपीन तत्व होते हैं।

**कोलन कैंसर क्या है?:** कोलन कैंसर या बड़ी आंत में होने वाला एक गंभीर रोग है। यह तब होता है जब आंत की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बनाती हैं। यदि इसे समय रहते नहीं पहचाना और इलाज नहीं किया गया, तो यह कैंसर अन्य अंगों में फैल सकता है।

## निशाना

### भ्रष्टाचार पर इतराओ...



**सतीश चंद्र श्रीवास्तव, भोपाल**

सड़क धंसे, चाहें पुल टूटे
या बह जाए पुलिया पानी में,
हमको इससे क्या लेना देना
हम तो मस्त मलाई में !
सेवा के बदले मेवा खाना
प्रथम अधिकार हमारा है,
हम तो मानें कृपा कुबेर की
औरों के लिए भ्रष्ट चारा है !
भौतिक साधनों की भरमार में
कैसे पीछे रह जाएं हम,
खुले आम भ्रष्टाचार सुलभ जब
क्यों, मन-मसोस मनाएं गम?
जब तक मिले मलाई भैया
करते हजम चले जाओ,
दौड़ें जब तक पटरी पर गाड़ी
भ्रष्टाचार पर इतराओ !

**सावधानी**

# सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है दूसरे से चार्जर मांगना, हैक हो सकती है आपकी डिवाइस

**आजकल** हर कोई स्मार्टफोन इस्तेमाल करता है और बैटरी खत्म होने पर हम अक्सर किसी और का चार्जर ले लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना आपके फोन या कंप्यूटर के लिए खतरनाक हो सकता है। एक साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट ने चेतावनी दी है कि अनजान चार्जर का इस्तेमाल आपके डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकता है। किसी से चार्जर लेना एक बेहद आम बात है, इसमें क्या कुछ गड़बड़ हो सकती है? दरअसल, अगर आपके द्वारा मांगे हुए चार्जर में हैकिंग डिवाइस लगा हो सकता है।



**दूसरों से चार्जर लेने से बचें:** एथिकल हैकर रायन मॉन्टगोमर कंपनियों की साइबर सिक्योरिटी की जांच करते हैं। उनका कहना है कि अनजान चार्जिंग केबल का इस्तेमाल जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दिखाया कि एक नॉर्मल दिखने वाली केबल, जो फोन चार्ज करने में सक्षम थी, उनके कंप्यूटर को पूरी तरह कंट्रोल कर सकती थी। इरायन ने सलाह दी कि कभी भी किसी और की केबल पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

**डेटा चोरी का खतरा:** रायन के मुताबिक, कुछ खास केबल्स में ऐसी तकनीक होती है, जो आपके फोन या कंप्यूटर से डेटा चुरा सकती है। ऐसी केबल्स दिखने में तो नॉर्मल लगती हैं, लेकिन ये आपके डिवाइस को हैकर्स के कंट्रोल में दे सकती हैं। हैकर्स आपके फोन से निजी जानकारी, जैसे पासवर्ड, फोटो या बैंक डिटेल्स चुरा सकते हैं। इसलिए हमेशा अपनी खुद की केबल इस्तेमाल करें या फिर सावधानी बरतें। इस खतरे से बचने के लिए एक्सपर्ट यूएसबी डेटा ब्लॉकर का इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। यह एक छोटा-सा डिवाइस है, जो केबल और आपके डिवाइस के बीच एक दीवार की तरह काम करता है। यह डेटा ट्रांसफर को रोकता है, ताकि हकर्स आपके फोन तक न पहुंच सकें। लेकिन सावधान रहें, बाजार में नकली डेटा ब्लॉकर भी मौजूद हैं। नकली डेटा ब्लॉकर में चार पिन होते हैं, जो एक खतरे की निशानी है।

**चार्जिंग स्टेशन भी सुरक्षित नहीं:** अमेरिका की जांच एजेंसी FBI पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों के खिलाफ चेतावनी जारी कर चुकी है। एयरपोर्ट, होटल या शॉपिंग मॉल में लगे मुफ्त चार्जिंग पोर्ट्स में मैलवेयर हो सकता है। हैकर्स इन पोर्ट्स में जूस जैकिंग का इस्तेमाल करते हैं, जिससे आपका फोन लॉक हो सकता है या आपका सारा डेटा चोरी हो सकता है। ऐसे में पब्लिक चार्जिंग स्टेशन का इस्तेमाल करने से बचे।

**हेल्थ टिप्स**

# सावधानी से करें AI ब्राउजर का इस्तेमाल, साइबर अपराधी उठा सकते हैं फायदा

21 अक्टूबर को ओपन AI ने ChatGPT Atlas लॉन्च किया है, जो कि एक ब्राउजर है। यह फिलहाल सिर्फ macOS के लिए उपलब्ध है। इस ब्राउजर की मदद से AI का इस्तेमाल करके फॉर्म भरने, रिसर्च करने जैसे कई काम किए जा सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस ब्राउजर को डाउनलोड कर इस्तेमाल करने का सोच रहे हैं, तो बता दें कि सुरक्षा विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि AI आधारित ब्राउजर पर तुरंत शिफ्ट करना खतरनाक साबित हो सकता है। खासकर इंडायरेक्ट प्रॉम्प्ट इंजेक्शन जैसी टेक्नोलॉजी के जरिए साइबर अपराधी यूजर्स के फाइल, पासवर्ड और बैंक अकाउंट तक पहुंच सकते हैं।

**AI ब्राउजर में सुरक्षा खतरे:** रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रेव रिसर्चर्स ने बताया है कि AI आधारित ब्राउजर, जैसे Perplexity Comet और Fellou, में इंडायरेक्ट प्रॉम्प्ट इंजेक्शन का खतरा हो सकता है। इसमें वेबसाइट के कंटेंट में छुपी हुई कमांड्स AI को गलत निर्देश दे सकती हैं। उदाहरण के लिए स्क्रीनशॉट लेने पर AI उसे कमांड समझकर गलत कार्रवाई कर सकता है। इससे बैंक और ईमेल अकाउंट जैसी संवेदनशील जानकारी खतरे में पड़ सकती है।

**प्रॉम्प्ट इंजेक्शन क्या है?:** IBM के अनुसार, प्रॉम्प्ट इंजेक्शन एक साइबर हमला है जिसमें खराब इनपुट्स को सही प्रॉम्प्ट की तरह दिखाया जाता है। ऐसा करने से AI सिस्टम से संवेदनशील जानकारी लीक हो सकती है या गलत जानकारी फैल सकती है। ऐसा खासकर तब ज्यादा खतरनाक होता है, जब AI ऐप्स के पास कॉन्फिडेंशियल डॉक्यूमेंट्स या API एक्सेस हो। इससे नुकसान का खतरा और बढ़ सकता है।

सुरक्षा उपाय और सावधानियां:



OpenAI ने AgentKit टूल्स के साथ 6 अक्टूबर को Guardrails सुरक्षा फ्रेमवर्क पेश किया था। इसका मकसद AI एजेंट्स को सुरक्षित बनाना है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इसे लेकर अभी कोई पुख्ता समाधान नहीं मिला है। इसलिए AI ब्राउज़र का इस्तेमाल करते समय संवेदनशील ऑपरेशन्स में यूजर की पुष्टि होना जरूरी है।

**यूजर क्या करें?:** एक्सपर्ट्स के मुताबिक AI-पावर्ड ब्राउजर में छिपे प्रॉम्प्ट इंजेक्शन हमलों से आपकी निजी जानकारी, पासवर्ड और बैंक डिटेल्स चोरी हो सकती हैं। ऐसे ब्राउजर कभी-कभी यूजर की मंजूरी के बिना भी कमांड चला सकते हैं। इससे डेटा लीक और आर्थिक नुकसान का खतरा बढ़ सकता है। यही वजह है कि एक्सपर्ट्स कहते हैं नए-नए AI ब्राउजर का इस्तेमाल सोच-समझकर करना चाहिए।

### साहनखेड़ी का मामला

## गजकुंडी पर रखी कटोरी फट कर बालक की गर्दन में फंसी, मौत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

ग्राम साहनखेड़ी में हुए दर्दनाक हादसे में गजकुंडी चलाने के दौरान 13 वर्षीय 5वीं के छात्र की मौत हो गई। गांव में रहने वाले लालसिंह चिड़ार का पूरा परिवार मजदूरी करने गया था। घर



पर उनका 13 वर्षीय बेटा राज मौजूद था। दोपहर में वो घर से बाहर गली में गजकुंडी लेकर आया और चलाने लगा। इसी दौरान उसने एक कटोरी गजकुंडी के आगे के मुहं पर रखी दी और उसे चला दी। धमाका इतना तेज था कि कटोरी के कई टुकड़े हो गए और उसी का एक हिस्सा राज के गर्दन में आकर फंस गया। उसकी गर्जन से खून की धार बहने लगी। मौजूद लोग उसे लेकर तुरंत ही बाइक से राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। गजकुंडी लोहे के पाइप से बना एक देसी यंत्र होता है। जिसमें पाइप के आगे के हिस्से के मुहं पर पोटास भरा जाता है और दूसरे हिस्से के मुहं पर लोहे की राड डाली जाती है। पाइप में पोटास भरने के बाद लोहे की राड को इसमें दबाव के साथ डाला जाता है। जिससे धमाका होता है। धमाके की दो वजह से सामने आ रही हैं। ग्रामीणों और अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक राज गजकुंडी के मुहं पर कटोरी रखकर चला था। इसी से उसकी मौत हो गई। जबकि एसडीओपी सोनू डाबर का कहना है कि मृतक सुतली बम पर कटोरी रखकर चला रहा था और वह फंट कर उसी के गले में आ लगी।



### कलेक्टर-एसपी ने किया मेले स्थल का निरीक्षण

# 3 से 6 नवंबर तक लगेगा बांद्राभान का मेला, डूबकी लगाने उमड़ेंगे श्रद्धालु

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल बांद्राभान में 3 नवम्बर से 4 दिवसीय मेला लगेगा। कार्तिक पूर्णिमा पर संगम स्थल पर आयोजित होने वाले इस मेले में प्रदेश ही नही, देशभर से लोग आस्था की डुबकी लगाने आते है। मेले की तैयारियों के सबंध में बुधवार को कलेक्टर सोनिया मीना और एसपी साई कृष्णा एस थोटा ने अधिकारियों के साथ बांद्राभान पहुंचकर मेले स्थल का जायजा लिया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। पार्किंग, परमिट आदि की प्रक्रिया भी जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मेला अवधि के दौरान होम गार्ड जवानों की टीम तथा गोताखोर भी मेला स्थल पर उपस्थित रहें। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की मेला अवधि के दौरान सभी संबंधित अधिकारी मुस्तैद रहे एवं सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी जाए। जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे ने बताया कि इस वर्ष मेले में लगभग 6 से 7 लाख की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।कलेक्टर ने मेला स्थल पर लगने वाली दुकानों के बिजली कनेक्शन एवं झूलों का सुरक्षा प्रमाणन करवाए जाने के लिए भी निर्देश दिए है कलेक्टर ने कहा कि मेला स्थल पर व्यवस्थित ले आउट डाला जाए। साथ ही दुकान आवंटन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता हो। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मेला पहुंच मार्ग का सुधार कार्य भी जल्द ही पूरा किया जाए। कलेक्टर ने ओर भी जरूरी दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, एसडीएम नर्मदापुरम नीता कोरी, डीएसपी ट्रैफिक संतोष कुमार मिश्रा, एसडीओपी जीतेन्द्र पाठक, सीईओ रंजीत तराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोवर्धन पूजन किया अन्नकूट का आयोजन



**गंजबासौदा।** दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजन पर्व मनाया गया। गोवर्धन पूजन के अवसर पर शहर में कई जगह अन्नकूट के आयोजन भी हुए। गोवर्धन पूजन के अवसर पर ग्राम बहलोट में समाजसेवी राजेश माथुर के द्वारा हवेली पर अन्नकूट ओर कन्याभोज का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। वहीं प्रसादी के बाद कन्याओं को उपहार स्वरूप सामग्री भेंट की गईं। दीवाली के एक दिन बाद पड़ने वाली पड़वा पर गौवंश का विशेष श्रृंगार पूजन कर पटाखे चलाए। वहीं वेदांत आश्रम, विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित खेड़ापति धाम गौशाला में भी गोवर्धन पूजन किया गया। इसके साथ ही सहित शहर की गौशालाओं में गोवर्धन पूजन महोत्सव मनाया गया।

## सेठानी घाट पर हुआ अन्नकूट का आयोजन

**नर्मदापुरम।** 35 वर्षों से निरंतर मनाया जा रहा अन्नकूट महोत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। दीपावली के अगले दिन नर्मदा तट स्थित सेठानी घाट पर भव्य अन्नकूट दीपदान उत्सव आयोजित किया गया। नर्मदा घाट और आसपास के मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया। नित्य आरती समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में गोवर्धन पर्वत की प्रतीकात्मक प्रतिमा सजाई गई और उसके समक्ष विविध व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। घाट पर दीपों से भव्य सज्जा की गई और श्रद्धालुओं ने नर्मदा में दीपदान कर अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि अन्नकूट पर्व पर गोवर्धन पूजा के साथ छप्पन भोग अर्पित कर नर्मदा की महा आरती संपन्न की गई। इस अवसर पर नर्मदा घाट के मंदिरों को विद्युत सजावट से आलोकित किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र दिव्य प्रकाश से जगमगा उठा।

## बाजार में निकले कचरे को हटाया



**नर्मदापुरम।** एसएनजी ग्राउंड में लगे त्यौहारी बाजार से निकलने वाले कचरे को नगरपालिका की टीम द्वारा अलसुबह से देर रात तक हटाया गया। एसएनजी ग्राउंड में भारी मात्रा में एकत्रित हुए मूर्ति के अवशेष, कचरा एवं अन्य सामग्री को पूजन सामग्री एकत्रित करने वाले वाहन की मदद से साफ कराया गया। नपा की इतनी फास्ट सर्विस देखकर स्थानीय खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर त्यौहारी बाजार का कचरा हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगरपालिका के स्वच्छता दूतों, जेसीबी और अन्य वाहनों की मदद से आज समूचे एसएनजी ग्राउंड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें भारी मात्रा में मूर्तियों के अवशेष एवं अन्य सामग्री निकाली जिन्हें पूजन सामग्री एकत्रित करने वाले वाहन से उचित स्थान पर पहुंचाया गया। यह स्वच्छता अभियान अलसुबह से देर शाम तक चलता रहा। नगरपालिका द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान को लेकर खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।

## कलेक्टर ने वृद्धों का लिया आशीर्वाद

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना बांद्राभान स्थित 'आसरा वृद्धा आश्रम' पहुंची, जहां उन्होंने आश्रम के वृद्धजनों से मुलाकात की। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं, मिठाइयाँ वितरित कीं और उपहार भी भेंट किए। कलेक्टर ने बुजुर्गजनों से उनकी दिनचर्या, स्वास्थ्य और आवश्यकताओं के बारे में बातचीत की। आश्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक कलेक्टर को अपने बीच पाकर बेहद प्रसन्न हुए। मुलाकात के दौरान कुछ बुजुर्गों ने अपनी पेंशन बंद



होने की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर मीना ने तुरंत संज्ञान लेते हुए एसडीएम नर्मदापुरम को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण पात्र बुजुर्गों की पेंशन शीघ्र चालू की जाए तथा सोमवार तक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके लिए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने वृद्धाश्रम की भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की भी समीक्षा की और संतोष व्यक्त किया। अंत में, उन्होंने सभी बुजुर्गजनों का सम्मान किया, उनके साथ समय बिताया और बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

## श्रीकृष्ण गौशाला में महोत्सव के रूप में हुई गोवर्धन पूजन, उमड़े श्रद्धालु

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

लटेरी रोड़ स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में गोवर्धन एवं गौ पूजा का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। पूर्व मंत्री स्व.श्री लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा गौशाला की स्थापना से परंपरानुसार प्रतिवर्ष होने वाले इस महोत्सव को मध्यप्रदेश सरकार के आव्हान पर भव्यता के साथ आयोजित किया गया।

शासन स्तर पर आयोजित हुए कार्यक्रम हेतु गौशाला परिसर में परंपरागत रूप से गोबर के विशाल गोवर्धन महाराज मनभावन श्रृंगार के साथ स्थापित किए गए थे। पंडित पूर्णानंद शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई। इस दौरान भगवान गोवर्धन जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए। पूजन अर्चना आरती उपरांत उपस्थित जनसमुदाय ने भगवत



भजन के साथ गोवर्धन परिक्रमा का भी पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर गौमाताओं की पूजा अर्चना कर उन्हें पुड़ी गुड एवं मिठाईयां गौग्रास के रूप में अर्पित की गई।

इस अवसर पर श्रीकृष्ण गौशाला के संतोष चौरे ने गोवर्धन पूजन का आयोजन शासन स्तर पर पूरे मध्यप्रदेश में भव्यता से मानने के लिए मध्यप्रदेश सरकार का धन्यवाद भी ज्ञापित किया। गौशाला प्रांगण में पूजा स्थल पर श्री कृष्ण गौशाला को स्थापित कर इस स्थान को गौमाता के आश्रय के लिए भव्य, सुविधाजनक एवं रमणीय बनाने वाले पूर्व मंत्री स्व . लक्ष्मीकांत शर्मा का चित्र भी स्थापित किया गया था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गौशाला समिति अध्यक्ष संतोष चौरे, बागमल जैन, शिवकुमार मिश्रा,सत्यनारायण शर्मा, सर्सिंज शर्मा,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,राजेंद्र गर्ग,हमीर सिंह यादव,झारसिंह दांगी,चरण सिंह यादव,जनपद सीईओ,आशीष अग्रवाल,नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित सैकड़ों की संख्या धर्मानुरागी नागरिकगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जंगल में ले जाकर बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, युवक को किया गिरफ्तार

**मंडला, दोपहर मेट्रो**

जिले में एक 22 वर्षीय युवक ने 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किया। हिरदेनगर पुलिस चौकी की टीम ने आरोपी गोलू उर्फ नरेंद्र वरकडे को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। यह घटना 21 अक्टूबर को दोपहर में हुई। आरोपी बच्ची को जड़ी-बूटी तोड़ने के बहाने गांव के पास के जंगल में ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर जंगल में मवेशी चरा रहे दो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी को भगा दिया और घायल बच्ची को सुरक्षित उसके घर पहुंचाया। परिजनों को घटना की पूरी जानकारी दी गई। बच्ची के परिजनों ने तुरंत हिरदेनगर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

## खाद वितरण में 152 बोरियों की गड़बड़ी, समिति प्रबंधन निलंबित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

क्षेत्र में खाद को लेकर चल रहा हंगामा नहीं थम पा रहा। कुरवाई रोड पर स्थित सहकारी समिति सोना के कार्यालय पर खाद वितरण के दौरान जमकर हंगामा हुआ। दोपहर में एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा के पास किसान सोना सोसायटी प्रबंधन की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उनका कहना था कि समिति प्रबंधक खाद के बजाय गाली दे रहे हैं। उन्होंने सोसायटी गोदाम से खाद गायब होने की जानकारी भी एसडीएम को दी।

एसडीएम ने जानकारी जुटाई और सहकारी बैंक प्रबंधक प्रकाश शर्मा को साथ में लेकर सोना रवाना हो गए। वे मौके पर पहुंचे तो किसान हंगामा कर रहे थे। उन्हें देखकर वे एसडीएम के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। किसान भूपतसिंह रघुवंशी का कहना था कि सोसायटी प्रबंधन द्वारा अपने चहेतो को पहले ही बिना टोकन के खाद दे दी। जिनके पास टोकन हैं। उन्हें खाद ही नहीं मिल सकी। कुछ किसानों ने समिति कर्मचारियों द्वारा गाली-गलौच करने का आरोप



भी लगाया। एसडीएम ने तुरंत ही गोदाम में भरी खाद की बोरियों की गिनती करवाने के साथ ही स्टाक रजीस्टर की भी जांच की। जिसमें 152 बोरियों का अंतर मिला। उन्होंने तुरंत ही स्टाक रजीस्टर को जब्त कर कर समिति प्रबंधन लखनसिंह रघुवंशी को निलंबित करने के निर्देश दे दिए। उनका कहना था कि जांच के बाद जिन किसानों को टोकन मिल गया है। उन्हें भी एक-दो दिन में खाद प्रदान कर दी जाएगी।

**मेट्रो एंकर**

### कमिश्नर ने 30 अक्टूबर तक नहरों की सफाई व मरम्मत पूरी करने के दिए निर्देश

# 27 अक्टूबर को तय होगी नहरों में पानी छोड़े जाने की तारीख

### समीक्षा बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली की धीमी प्रगति पर कमिश्नर ने जताई नाराजगी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिलों की योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने जल संसाधन विभाग को 30 अक्टूबर तक सभी नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने बताया कि 27 अक्टूबर को संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक होगी, जिसमें नहरों से पानी छोड़े जाने की तिथियां निर्धारित की जाएंगी। उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए छोटे किसानों तक खाद की सुगम



उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा।कमिश्नर नेकस्टम हायरिंग सेंटरों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने, निष्क्रिय केंद्रों को पुनः सक्रिय करने और वहां उपलब्ध कृषि यंत्रों की जानकारी पंचायत स्तर पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए।कमिश्नर ने भावांतर योजना के अंतर्गत 24 अक्टूबर से आरंभ होने वाले मंडी विक्रय के लिए सभी मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने और किसानों को समर्थन मूल्य के अंतर की राशि नियमानुसार प्रदान करने के निर्देश भी दिए। कमिश्नर तिवारी ने विभागों को वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत करने और ई-ऑफिस प्रणाली की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए लंबित फाइलों के शीघ्र निपटान के निर्देश दिए। अपर आयुक्त (विकास) जी.सी. दोहर उपस्थित रहे।तो वही तीनों जिलों के कलेक्टर ऑनलाइन जुड़े थे।

## बाकल थाने पर तनाव के बाद हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

**कटनी, दोपहर मेट्रो**

जिले के बाकल में देर रात युवक की पिटाई को लेकर उपजे तनाव के बाद बाकल थाने पर हमला हो गया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार शुक्ला की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने पांच लोगों पर नामजद मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 अक्टूबर को कुणाल सिंह राजपूत नाम के युवक के साथ मारपीट हुई थी। आरोप है कि असीम खान और अमिल खान ने कुणाल का अपहरण कर उसे अज्ञात स्थान पर ले जाकर बेरहमी से पीटा, सिगरेट से जलाया और उसका मोबाइल भी लूट लिया था। थाने पर हमला और बवाल होने के कारण बाकल में देर रात तनाव की स्थिति है। बाकल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने फिलहाल उपजे तनाव को नियंत्रित कर लिया है।

**सोनिक कंपनी के सामने का मामला:** औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न कारखानों से निकलने वाला केमिकल बहता है नाले में

# कारखानों से निकलने वाले वेस्ट केमिकल में लगी भीषण आग

**अजय आहूजा, मंडीदीप**

औद्योगिक शहर मंडीदीप में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नगर पालिका के वार्ड नंबर 23 स्थित सोनिक बायोकेम कंपनी के सामने रेलवे लाइन के किनारे नाले में कारखानों से निकलने वाले केमिकल वेस्ट में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई, लेकिन नपा की फायर ब्रिगेड की तत्परता से किसी बड़ी तबाही को रोक लिया गया।

घटना दोपहर करीब 4 बजे की बताई जा रही है, जब सोनिक बायोकेम कंपनी के सामने बहने वाले नाले के केमिकल वेस्ट में किसी अज्ञात कारण से आग भड़क उठी। आग तेजी से फैलने लगी और रेलवे ट्रैक के बेहद करीब पहुंच गई, जिससे ट्रेनों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अगर आग पर समय रहते काबू न पाया जाता, तो रेलवे ट्रैक पर बड़ा हादसा हो सकता था, जिसमें न केवल ट्रेनें प्रभावित होतीं, बल्कि जानमाल का भी भारी नुकसान हो सकता था।

रेलवे ट्रैक के नजदीक हुई इस घटना की गंभीरता को भांपते हुए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रेनों की आवाजाही पर नजर रखी और सुरक्षा जांच शुरू कर दी। सौभाग्य से, आग के बावजूद किसी भी ट्रेन का संचालन प्रभावित नहीं हुआ। नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचते ही आग बुझाने का अभियान चलाया। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। मोके पर मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आगजनी की इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या चोट नहीं पहुंची। न तो कोई कर्मचारी या स्थानीय निवासी प्रभावित हुआ, न ही रेल यातायात बाधित हुआ।



### आग पर काबू पा लिया गया

"हमें सूचना मिली थी कि सोनिक कम्पनी के पास केमिकल में आग लगी है, मोके पर फायर टेंडर भेजकर आग पर काबू पा लिया गया है।"
–**राममोहन रघुवंशी**, फायर प्रभारी नपा मंडीदीप।

**101 फीट लंबे और 11 फीट ऊंचे विशाल गोवर्धन पर्वत की हुई पूजा**

# सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मेलों और उत्सवों का अपना विशेष महत्व: सांसद

**पशु मेला क्षेत्र में गोवर्धन पूजन के अद्भुत आयोजन ने मेले का स्वरूप लिया**



**सागर, दोपहर मेट्रो**

हफसिली में स्थित डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल के पशुमेला क्षेत्र में पशुपालक संघ और नगर पालिक निगम सागर के संयुक्त तत्वाधान में ऐतिहासिक मेला सम्पन्न हुआ। गोबर से बने 101 फीट लम्बे और 11 फीट ऊँचे विशाल गिरराज गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी ऊँगली पर धारण किये भगवान श्रीकृष्ण के 30 फ़ीट के स्वरूप और गौओं की हर्षोल्लास से पूजन किया। गिरराज गोवर्धन भगवान श्री कृष्ण को 56 भोग अर्पित किये गये और विशेष अन्नकूट पूजन कर प्रसादी वितरित की।

कार्यक्रम में पूजन के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने विशेष सुंदरता के साथ सजीधजी गाय और बछ्ड़ों को माला पहनाकर गुड़ चना चारा आदि खिलाया। स्थानीय गौ पालकों ने दिवारी गाकर बरेदी नृत्य किया, लोक कलाकारों द्वारा आकर्षक मयूर रास नृत्य, बधाई के माध्यम से सभी को मोहित किया. इस अवसर पर सांसद लता गुड्डू बानखेड़े ने कहा की हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मेलों और उत्सवों का अपना विशेष महत्व है। हफसिली में इस दिवाली के अवसर पर गोवर्धन पूजन का यह विशेष आयोजन यहां के रहवासियों सहित सभी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करेगा। विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा की आज का यह खास दिन भगवान श्री कृष्ण की कृपा और आशीर्वाद का मुख्य त्यौहार है अतिवर्षा से अपने प्रिय बृजवासियों की रक्षा हेतु श्रीकृष्ण ने गिरराज जी को अपनी ऊँगली पर धारण कर गोबर का महत्व बताया। यह प्रकृति और जीवन का एक अभिन्न अंग है, जिसे हमें सम्मान देना चाहिए। गोबर को गो-धन का प्रतीक माना जाता है और यह पर्यावरण के लिए भी बहुत उपयोगी है।

### प्रति वर्ष होगा यह आयोजन: महापौर

महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि नगर पालिक निगम के महत्वपूर्ण डेयरी विस्थापन प्रोजेक्ट स्थल हफसिली के पशु मेला क्षेत्र में आज आयोजित किया गया यह गोवर्धन पूजन का विशेष कार्यक्रम अब से प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजन और मेला के रूप में बड़े स्तर पर और भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। तिवारी ने कहा की यह प्रकृति का सुंदर नजारा मेले के आयोजन से और भी रमणीय दिख रहा है। महापौर ने पशुपालकों से आग्रह किया कि जो पशुपालक यहां से चले गए हैं वे जल्दी से जल्दी वापस आए , पशुपालकों की जो भी मूलभूत बुनियादी समस्याएं हैं उनका हल किया जाएगा । जब शहर की सभी डेयरियां यहां विस्थापित हो जाएंगी तो सागर पूर्ण रूप से शहर स्वच्छ एवं सुंदर हो जाएगा। गिरराज गोवर्धन भगवान श्री कृष्ण को 56 भोग अर्पित करने के पश्चात महापौर संगीता तिवारी ने प्रसादी वितरित की।



## अन्नकूट महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु



**मंडीदीप।** औद्योगिक शहर मंडीदीप में बुधवार को सतलापुर मार्ग स्थित इंडस टाउन के श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में श्याम मित्र मंडल द्वारा दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया गया इसमे मंडीदीप सहित अन्य शहरों से आएं श्री खाटू श्याम भक्तो ने हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मित्र मंडल के संजय अग्रवाल, एवं विनोद अग्रवाल ने बताया की संकीर्तन एवं भजन का आयोजन किया जा रहा है जिसमे स्वाती किशोर एवं वैभव शर्मा द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए वही इस दौरान दोपहर में छप्पन भोग का प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें सेकड़ो श्याम प्रेमियों ने बाबा खाटू श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए प्रसाद ग्रहण किया

## नशे में दो युवकों ने मंत्री का काफिला रोका

**सागर।** सागर दमोह मार्ग पर दो शराबियों ने परसोरिया गावं में कलेक्टर संदीप जी आर के वाहन को रोक लिया, इसके पूर्व नशेड़ी ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के काफिले को भी रोकने की कोशिश की। परसोरिया मुख्य स्टैंड पर दो युवकों ने उत्पात किया। वे मंत्री के काफिला के सामने आए। कलेक्टर की गाड़ी को रोका। यहां युवकों में विवाद हुआ था। पुलिस को सूचना देने के बाद भी नहीं आई तो वे उग्र हो गए। नरयावली विधानसभा क्षेत्र के परिया गौ-शाला से गोवर्धन पूजा कर मंत्री गोविंद राजपूत सागर लौट रहे थे। इनके साथ कलेक्टर संदीप जीआर भी अपनी गाड़ी में थे। मुख्य रोड स्टैंड पर युवक मंत्री एवं कलेक्टर के काफिले में कार के आगे खून से लथपथ हालत में आ गए। मंत्री रुके और उनकी समस्या पूछी तो वे कुछ बता नहीं पाए। मंत्री के सुरक्षा गार्डों ने युवाओं को अलग कर गाड़ी निकाली। इसके बाद कलेक्टर संदीप जीआर की गाड़ी के आगे भी यह युवक आया। वह न्याय मांगने लगा। गार्ड ने उसे हटाया। भीड़ के कारण सड़क पर लग रहे जाम को कलेक्टर ने हटवाया। विवाद की सूचना पर सानौधा पुलिस और सानौधा थाना एफआरवी मौके पर पहुंची। उत्पात कर रहे युवक को 112 की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। युवक बण्डा के पास बमूरा पिपरिया निवासी बताए जा रहे हैं। उनका परसोरिया में विवाद हो गया था। पुलिस को सूचना देने के बाद भी करीब एक घंटे तक नहीं आने के कारण उग्र हो गए थे।

## फंदे पर लटका मिला किसान का शव



**पांढुर्णा।** सिवनी गांव में 45 वर्षीय किसान प्रकाश भादे ने आत्महत्या कर ली। यह घटना गुरुवार सुबह सामने आई। मृतक का शव उसके ही खेत के झोपड़े में फांसी के फंदे पर लटका मिला। बड़चीचोली चौकी प्रभारी विक्रम बघेल ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा गया और पंचनामा बनाया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक प्रकाश कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे और लगातार शराब का सेवन कर रहे थे। हालांकि, उनकी मौत का स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पांढुर्णा सिविल अस्पताल भेज दिया है।

## शहर में दौड़ेगी पाड टैक्सी, 1900 करोड़ की हाईटेक योजना तैयार

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृहनगर उज्जैन को आधुनिक और स्मार्ट सिटी के रूप में स्थापित करने की दिशा में सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने शहर में पाड टैक्सी चलाने को 1900 करोड़ रुपये की हाईटेक योजना तैयार कर राज्य सरकार को भेजी है। यह परियोजना उज्जैन को देश के चुनिंदा आधुनिक परिवहन वाले शहरों में शामिल करेगी। योजना के तहत 25.46 किलोमीटर लंबे दो रूट पर कुल 13 स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं। पाड टैक्सी को सिंहस्थ कार्यों से जुड़ी संभाग स्तरीय समिति की अनुशंसा के बाद अब राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। यह प्रोजेक्ट स्वीकृत होने पर उज्जैन देश का ऐसा पहला धार्मिक और तीर्थ नगर होगा जहां मेट्रो जैसी सुविधा पाड टैक्सी के रूप में उपलब्ध होगी। पाड टैक्सी स्वचालित, चालक-रहित और इलेक्ट्रिक वाहन प्रणाली है जो ऊंचे स्टील ट्रैक पर चलती है। इसमें ड्राइवर नहीं होता, बल्कि कंप्यूटर और सेंसर के ज़रिए इसका संचालन होता है। कॉम्पैक्ट कार जैसी दिखने वाली यह टैक्सी एक बार में 4 से 6 यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचा सकती है।

# बदमाशों ने दंपती को पीटा, बीच-बचाव करने वाले को मारी तलवारें, पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

**आरोपियों में एक जिला बदर, दो निगरानी बदमाश पर 6 से अधिक प्रकरण दर्ज**

**मंडीदीप, दोपहर मेट्रो**

औद्योगिक थाना क्षेत्र के सतलापुर के पीछे राहुल नगर में तीन बदमाशों ने अड़ीबाजी करते हुए एक दंपती पर हमला कर दिया। पति-पत्नी जान बचाने के लिए पास मे मौजूद एक ढाबे में घुस गए, लेकिन बदमाश उनका पीछा करते हुए वहां भी पहुंच गए। उन्होंने दुकानदार को धमकाकर दंपती को बाहर निकालने को कहा।जानकारी के अनुसार, राहुल नगर चौक पर खुमान मीणा की दुकान है। जब खुमान ने बीचबचाव की कोशिश की, तो एक बदमाश ने तलवार से उस पर भी हमला कर दिया। घटना में खुमान सहित वहा मौजूद दंपती सहित तीनो घायल हो गए। सूचना पर औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया।पुलिस ने रातभर आरोपितों की सरगर्मी से तलाश जारी रखी गई तब जाकर सुबह तक दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया

थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने बताया कि फरियादी खुमान मीणा की शिकायत पर राजा बाल्मीकी (25), राजा डागोर (20) और आकाश उर्फ भिंडी (20) के खिलाफ अड़ीबाजी, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है—एक निगरानी बदमाश है, दूसरा जिला बदर हो चुका है, जबकि तीसरा पुलिस की गुंडा लिस्ट में शामिल है।



**मेट्रो एंकर** | नमो उपवन योजना से बदलने वाला है क्षेत्र कुछ गौर जिम्मेदार लोगों के रवैये से परेशान

# नशेड़ियों का अड्डा बना जंगल, लगा शराब की बोतलों का ढेर

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

वन परिक्षेत्र अंतर्गत खकरिया बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 169 में नगर वन योजना के अंतर्गत 35 से 40 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित हो रह्य नमो उपवन पार्क, एक तरफ जहां क्षेत्र के नागरिकों के लिए हरियाली, स्वास्थ्य और मनोरंजन की नई सौगात लेकर आ रहा है। वहीं दूसरी ओर जंगल क्षेत्र में लगातार फेका जा रहा कचरा और हो रही शराबखोरी वन की स्वच्छता और सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है।

वर्तमान में खकरिया मार्ग पर नगर सीमा हटते ही जंगल में जगह-जगह पानी के खाली डिस्पोजल बोतलें, शराब की टूटी बोतलें और अन्य प्लास्टिक कचरा



देखा जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं। स्थानीय वन्य जीवों के लिए भी खतरा पैदा कर रही हैं। यह स्थिति तब और भी चिंताजनक हो जाती है। जब यही वन क्षेत्र आने वाले समय में एक आदर्श नगर वन के रूप में विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन की नगर वन योजना के तहत वर्ष 2025-2026 में इस क्षेत्र को विशेष रूप से विकसित किया जा रहा है, जिसमें दमोह और तेंदूखेड़ा को चयनित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कुल 40 हेक्टेयर में पार्क विकसित होगा जिसमें 20हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा रहा है। 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर तक चलाए गए पखवाड़े के दौरान नमो उपवन में वृहद पौधारोपण अभियान के साथ इसका शुभारंभहो चुका है। प्राकृतिक वातावरण में सैर-सपाटे की सुविधा में ओपन जिम, पंचवटी क्षेत्र, स्मृति वन, नक्षत्र वन बच्चों के लिए खेल मैदान की उपलब्धता रहेगी। इस योजना का उद्देश्य न केवल लोगों को प्रकृति से जोड़ना है। बल्कि स्वास्थ्य वर्धक जीवनशैली को बढ़ावा देना भी है। बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को एक ही स्थान पर शुद्ध वायु, व्यायाम और मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध होगी

"आमजन से अपील की है कि वे जंगल की स्वच्छता बनाए रखें और किसी भी प्रकार का कचरा या नशे की सामग्री जंगल में न फेंके ना ही जंगल में शराबखोरी करें। यह वन सभी नागरिकों की अमूल्य धरोहर है, जिसे मिलकर संजोना हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर कोई भी व्यक्ति जंगल में शराबखोरी करते हुए पाया जाता और कचरा व प्लास्टिक व अन्य सामग्री तो वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।"
–**श्रेयांश जैन** वन परिक्षेत्र अधिकारी तेंदूखेड़ा

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन**

क्रमांक/795/रीडर-1/ बेगमगंज दिनांक 23.07.2025

(उद्घोषणा)

(धारा-6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम खामखेड़ा प.ह.नं. 26 ग्राम पंचायत खिरेंटी तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 28.08.1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित जो जावेगा। उल्लंघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी

अतः एतद् द्वारा अपेक्षा की जाती है कि इस उदघोषणा के प्रकाषन दिनांक से तीन माह के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि उपरोक्त कार्यालय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्य आदि बावत प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

उदघोषणा आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

G-20459/25

**अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन (म.प्र.)**

## महिला वर्ल्ड कप : पाकिस्तान की टीम भी हुई बाहर

# अब एक स्पॉट के लिए तीन टीमों में जंग दिलचस्प हुआ सेमीफाइनल का समीकरण

**कोलंबो, एजेंसी**

**आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में पाकिस्तानी टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें पूरी तरह ध्वस्त हो गई हैं। 21 अक्टूबर (मंगलवार) को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए मुकाबले में पाकिस्तन को साउथ अफ्रीका ने डीएलएस नियम के तहत 150 रनों से हरा दिया। बारिश से प्रभावित मैच में पाकिस्तानी टीम को 20 ओवर्स में 234 रन बनाने थे, लेकिन वो सात विकेट पर 83 रन ही बना सकी। मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवरों में 9 विकेट पर 312 रन बनाए थे।**

साउथ अफ्रीका इस जीत के साथ ही अंकतालिका में टॉप पर पहुंच गया। महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका की टीम्स पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। वहीं पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश अंतिम-चार की रेस से बाहर हो चुका है। अब चौथे एवं आखिरी स्थान के लिए भारत, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच रेस है।

बात पहले भारतीय टीम की करते हैं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम इस समय 4 अंकों के साथ अंकतालिका में चौथे स्थान पर है। टीम इंडिया ने 5 मैच खेले हैं और उसका नेट रनरेट +0.526 है। भारत को अब न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं।



### अंक बराबर होने की स्थिति में रैंकिंग तय करने के नियम (महिला वर्ल्ड कप)

1. सबसे ज्यादा जीत वाली टीम अंक तालिका में आगे रहेगी।
2. अगर जीतें बराबर हैं, तो नेट रनरेट देखा जाएगा।
3. अगर फिर भी बराबरी हो, तो आपसी मुकाबले का नतीजा देखा जाएगा।
4. अगर यह सब बराबर रहे, तो टीम्स की लीग स्टेज सीडिंग के आधार पर फैसला होगा।

### प्लेइंग-11 में बदलाव की कितनी संभावना?

अगर भारतीय टीम न्यूजीलैंड को हरा देती है वो सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी क्योंकि उसके 6 अंक हो जाएंगे। भारत सेमीफाइन की रेस में शामिल तीन टीम्स में ऐसी अकेली ऐसी टीम होगी, जिसने तीन मैच जीते होंगे। लेकिन अगर भारतीय टीम न्यूजीलैंड से हारती है और वो बांग्लादेश को हराती है, तो उसे उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड को हराए, तभी भारत टॉप-4 में पहुंच पाएगा। अगर भारत अपने दोनों बचे मैच हारता है, तो उसका सफर यहीं खत्म हो जाएगा।

न्यूजीलैंड के पांच मैचों से 4 अंक हैं और उसका नेट रनरेट -0.245 है। न्यूजीलैंड की टीम पांचवें नंबर पर है। अगर न्यूजीलैंड अपने दोनों मैच (बनाम भारत और इंग्लैंड) जीत लेता है, तो वह 8 अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। अगर न्यूजीलैंड की टीम भारत को हराती है, लेकिन इंग्लैंड से हार मिलती है, तो उसे उम्मीद करनी होगी कि बांग्लादेश की टीम भारत को हराए। साथ ही उसका नेट रन रेट श्रीलंका से बेहतर रहे या पाकिस्तानी टीम श्रीलंका को हरा दे।

### 6 मैचों में 4 अंकों के साथ छठे नंबर है श्रीलंका की टीम

श्रीलंकाई टीम 6 मैचों में 4 अंकों के साथ छठे नंबर पर है। श्रीलंका का नेट रनरेट -1.035 है। श्रीलंका का केवल एक मैच बचा है, जो पाकिस्तान के खिलाफ है। पाकिस्तान के खिलाफ जीत भी श्रीलंका के लिए काफी नहीं होगा। उसे यह उम्मीद करनी होगी कि भारत अपने दोनों मैच (बनाम न्यूजीलैंड और बांग्लादेश) हार जाए, वहीं न्यूजीलैंड को इंग्लैंड से हार मिले। इसके साथ ही श्रीलंका का नेट रनरेट न्यूजीलैंड से बेहतर रहे।

## आलोचनाओं पर दिया जवाब

# रोहित-कोहली के खराब खेल पर चिंतित नहीं बैटिंग कोच

**एडिलेड, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के दो दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली भले ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में अपनी परंपरागत धाक नहीं दिखा पाए, लेकिन टीम के बैटिंग कोच सितांशु कोटक उनकी फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं। कोटक का मानना है कि रोहित और कोहली लंबे अनुभव और लगातार अभ्यास के चलते अच्छी फॉर्म में हैं और आगामी मैचों में टीम के लिए अहम योगदान देंगे। सीरीज का दूसरा मुकाबला एडिलेड में गुरुवार को है।

पर्थ में खेले गए पहले वनडे में भारत को 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद कोटक ने भरोसा जताया कि वरिष्ठ खिलाड़ी पर किसी भी तरह की जंग का असर नहीं हैं। उन्होंने कहा, क्रमुझे नहीं लगता कि रोहित और कोहली की बल्लेबाजी में कोई सुस्ती या धीमापन है। उन्होंने आईपीएल खेला और उनकी तैयारी बहुत अच्छी रही। दोनों के पास बहुत अनुभव है, इसलिए उन्हें समय के साथ खेल में उतरने की जरूरत है।

टीम प्रबंधन रोहित और कोहली के प्रशिक्षण और फिटनेस से लगातार अपडेट रहा है। कोटक ने बताया, क्रहम जानते थे कि वे क्या तैयारी कर रहे हैं और उनकी फिटनेस स्थिति कैसी है। कभी-कभी वे नेशनल क्रिकेट अकादमी भी जाते हैं, जहां से हमें उनकी प्रैक्टिस और फिटनेस रूटीन के बारे में वीडियो और अपडेट मिलते रहते हैं।

### सीनियर्स के मामलों में हमेशा हस्तक्षेप करना जरूरी नहीं

कोटक ने यह भी स्पष्ट किया कि वरिष्ठ खिलाड़ियों के मामलों में हमेशा हस्तक्षेप करना जरूरी नहीं होता। उन्होंने कहा, क्रयदि वे सही तरीके से तैयारी कर रहे हैं और आप जरूरत से ज्यादा दखल देते हैं, तो यह सही नहीं होता। ऐसे खिलाड़ियों के लिए सही समय पर ही हस्तक्षेप करना चाहिए ।क्र पहले वनडे में रोहित शर्मा केवल 8 रन बनाकर पवेलियन लौट गए, जबकि विराट कोहली शून्य पर आउट हुए। ऐसे प्रदर्शन के बावजूद कोटक ने इस पर कोई चिंता व्यक्त नहीं की और कहा कि इन खिलाड़ियों की काबिलियत और अनुभव उन्हें अगले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा देता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि खिलाड़ियों को अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और टीम की जीत के लिए योगदान देने की मानसिकता बनाए रखनी चाहिए। टीम इंडिया अब एडिलेड में दूसरे वनडे के लिए पूरी तरह तैयार है ।कोटक ने खिलाड़ियों की फॉर्म और मानसिक स्थिति पर भी जोर दिया। उनका कहना है कि ऑस्ट्रेलिया की पिचें तेज और उछाल वाली होती हैं, लेकिन अनुभवी खिलाड़ियों के पास इसे संभालने की क्षमता है। रोहित और कोहली की मौजूदगी टीम के लिए हमेशा बड़ी ताकत रही है और उनकी अच्छी फॉर्म में होने का

# क्रिस वोक्स ने वार्विकशायर के साथ किया दो साल का करार

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने काउंटी क्लब वार्विकशायर के साथ दो साल का नया अनुबंध किया है। अनुबंध के मुताबिक वोक्स 2027 तक टीम के लिए खेलेंगे। वोक्स ने पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। वोक्स ने क्लब की वेबसाइट से बात करते हुए कहा, वार्विकशायर हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। अकादमी में प्रशिक्षण से लेकर मेरे पहले पेशेवर अनुबंध पर हस्ताक्षर करने तक, यह क्लब लगभग दो दशकों से मेरे करियर के हर महत्वपूर्ण क्षण में मौजूद रहा है। नया अनुबंध इस संबंध को और आगे ले जाएगा।÷ उन्होंने कहा, ÷वार्विकशायर के साथ अपनी प्रतिबद्धता को दो साल और बढ़ाना एक ऐसे क्लब के साथ एक नए अध्याय की शुरूआत जैसा लगता है जो मुझे वाकई घर जैसा लगता है। हमारे पास एक प्रतिभाशाली टीम है, जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम नए सीजन में ट्रॉफी के लिए चुनौती पेश करने की बेहतरीन स्थिति में हैं।÷वोक्स के साथ करार के बाद वार्विकशायर के प्रदर्शन निदेशक जेम्स थॉमस ने कहा, क्रिस का अगले दो वर्षों के लिए अनुबंध हासिल करना क्लब में सभी के लिए बहुत मायने रखता है। वह वार्विकशायर के लिए खेलने के महत्व को पूरी तरह से दशार्ते हैं। वोक्स ऐसे खिलाड़ी हैं जिनसे हमारे सभी महत्वाकांक्षी युवा खिलाड़ी प्रेरणा ले सकते हैं और सीख सकते हैं कि इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर कैसे प्रदर्शन किया जाए।



# चैंपियंस लीग : आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से रौंदा, विक्टर बने मैच के हीरो



लंदन । चैंपियंस लीग में आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से धूल चटाई। विक्टर ग्योकेरेस मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने 2 गोल दागे। इसी के साथ आर्सेनल ने अपनी शानदार शुरूआत बरकरार रखी है। टीम ने अपने पिछले तीन मुकाबलों में एक भी गोल नहीं खाया है। एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ मुकाबले में पहला हाफ कड़ा और रणनीतिक रहा, जिसमें दोनों टीमों के लिए कुछ ही स्पष्ट मौके थे, लेकिन कोई गोल नहीं देखने को मिला। ब्रेक के बाद भी यही स्थिति नजर आ रही थी, लेकिन इसी बीच सेंटर-बैक गेब्रियल मैगलहेस ने 57वें मिनट में डेक्लन राइस के सटीक फ्री-किक को हेडर से गोल में बदलकर मैच का खाता खोला। इस गोल के बाद आर्सेनल के खिलाड़ियों ने आक्रामक तेवर दिखाए।

# आईसीसी रैंकिंग : बुमराह टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर बरकरार

**दुबई ।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, ताजा अपडेट के बाद कुछ खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव जरूर देखने को मिला है। मोहम्मद सिराज वनडे फॉर्मेट में गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें पायदान पर हैं। इस लिस्ट में अफगानी स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर बने हुए हैं।

इस बीच, टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद बुमराह की बढ़त कम हो गई है। अब पाकिस्तान के नौमान अली उनसे सिर्फ 29 अंक पीछे हैं, जिन्होंने लाहौर में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। नौमान अली चार पायदान की उछाल के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान की 93 रनों की जीत में नौमान ने 10 विकेट हासिल किए थे। उनके साथी शाहीन अफरीदी भी उसी टेस्ट की दूसरी पारी में चार विकेट लेने के बाद तीन पायदान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

पाकिस्तानी बल्लेबाजों में, मोहम्मद रिजवान चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बाबर आजम दो पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच सलमान आगा 8 पायदान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गए। टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष पर बने हुए हैं।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## अच्छे पार्टनर की तलाश में शहर से पंजाब के पिंड पहुंचीं शहनाज गिल

# रिलीज हुआ एक कुड़ी का ट्रेलर

अपने चुलबुले अंदाज से सबका दिल जीतने वालीं अदाकारा शहनाज गिल अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म %एक कुड़ी% लेकर आ गई हैं। एक्ट्रेस की नई फिल्म का शानदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है और रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर ट्रेलर छा गया है। इतना ही नहीं, हिना खान ने खुद फिल्म के ट्रेलर की भर-भरकर तारीफ की है। शहनाज गिल की पंजाबी फिल्म %एक कुड़ी% का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में एक्ट्रेस एक अच्छे जीवनसाथी की तलाश में शहर से पंजाब के पिंड में पहुंच जाती हैं और पता लगाती हैं कि जिससे उनकी शादी होने वाली है, असल में वो लड़का कैसा है। ट्रेलर में शहनाज को एक अच्छे जीवनसाथी की तलाश है और वे उसके लिए अपने पूरे परिवार का साथ पाती हैं, जो लड़के को उसके गांव जाकर परखता है। फिल्म में फैमिली कॉमेडी से लेकर एक लड़की की शादी से पहले महसूस किए जाने वाले अनुभव और



### ट्रेलर को देख हंसी नहीं रोक पा रहे फैंस

फैंस भी ट्रेलर को देखकर अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, वाह, सचमुच बहुत बढ़िया ट्रेलर, शहनाज़ कमाल की और बहुत खूबसूरत लग रही हैं, फिल्म का इंतज़ार रहेगा। एक अन्य यूजर ने लिखा, गजब, क्या ट्रेलर हैज सब कुछ एकदम सही, कहानी और गाने बहुत पसंद आ रहे हैं। बता दें कि फिल्म के गाने ट्रेलर रिलीज से पहले ही रिलीज कर दिए गए हैं। फिल्म में एक गाना शहनाज ने पंजाबी सिंगर यो-यो हनी सिंह के साथ भी फिल्माया है, जिसे फैंस का बंपर रिस्पांस मिला है। फिल्म 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। हिना खान ने फिल्म का ट्रेलर शेयर कर फैंस से इसे देखने की अपील की है। उन्होंने शहनाज की फिल्म और एक्टिंग दोनों की तारीफ की है। फिल्म की कास्ट की बात करें तो फिल्म में पंजाब इंडस्ट्री के कई दिग्गज कलाकारों को देखा गया है। फिल्म में शहनाज के अलावा निर्मल ऋषि, सुखी चहल, गुरिंदर मकना, जस, उदयबीर संधू, गुरदयाल पारस, जस ढिल्लों, विशु उप्पल और गुरप्रीत सिंह कई स्टार्स मौजूद हैं।



# मातृत्व के नए अध्याय के लिए ढेर सारा प्यार परिणीति के लिए रकुल का खास बर्थडे पोस्ट

मुंबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने बुधवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक बेहद खास पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने अपनी करीबी दोस्त परिणीति चोपड़ा को उनके जन्मदिन की बधाइयां दी। सोशल मीडिया पर इस पोस्ट ने लोगों का खासा ध्यान खींचा। रकुल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर परिणीति की एक प्यारी फोटो शेयर करते हुए लिखा, जन्मदिन मुबारक हो, परिणीति। मुझे यकीन है कि यह साल आपके लिए कुछ खास है। जब आप मातृत्व के इस खूबसूरत नए अध्याय में प्रवेश कर रही हैं, तो आपको ढेर सारा प्यार और खुशी की शुभकामनाएं। इस खास मौके पर परिणीति के भाई, शिवांग चोपड़ा ने भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर परिणीति के साथ बिताए खास पलों की तस्वीरें शेयर की और कैप्शन में लिखा, हाल ही में मां बनी उस दोस्त को जन्मदिन की शुभकामनाएं! लव यू दीदी। परिणीति चोपड़ा। पोस्ट में शेयर की गई पहली तस्वीर में, परिणिति और शिवांग एक क्रिकेट स्टेडियम में मुस्कुराते हुए सेल्फी के लिए पोज देते दिख रहे हैं। इसके बाद एक वीडियो में परिणीति को भाई के कान में कुछ कहते हुए दिखाया गया है। अगर परिणीति चोपड़ा के जीवन की बात करें, तो उनका जन्म 22 अक्टूबर 1988 को हरियाणा के अंबाला में एक पंजाबी हिंदू परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी, लेकिन जल्दी ही उनकी असली पहचान फिल्मों में आई।



## मेट्रो बाजार

# अमेरिकी टैरिफ के बावजूद जापान का निर्यात बढ़ा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ के बावजूद सितंबर में जापान के निर्यात और आयात में वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में जापान के निर्यात में 4.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जापानी वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने एशिया को जापान का निर्यात पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 9.2 प्रतिशत बढ़ा। अमेरिका को निर्यात में 13.3 प्रतिशत की गिरावट आई। यह लगातार छठे महीने गिरावट का संकेत है। वहीं चीन को निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सितंबर में अमेरिका को होने वाले ऑटो शिपमेंट में 24.2त्न की गिरावट आई। टोयोटा मोटर कॉर्प जैसी ऑटो निर्माता कंपनियां जापान की अर्थव्यवस्था के स्तंभ हैं। इसी महीने में जापान का आयात कुल मिलाकर 3.3त्न बढ़ा, एशिया में 6त्न की वृद्धि हुई, जिसमें चीन से आयात में 9.8त्न की वृद्धि शामिल है।

यह निष्कर्ष साने ताकाइची को संसदीय मतदान में देश का प्रधानमंत्री चुने जाने के एक दिन बाद आया है। इसके साथ ही वह जापान का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बन गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप इस महीने के अंत में जापान का दौरा करेंगे, जहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री ताकाइची से होने की संभावना है। इससे पहले जुलाई में ट्रंप ने जापान के साथ एक नया व्यापार ढांचा घोषित किया था, जिसके तहत जापानी वस्तुओं पर 15% कर लगाया गया है।

# दिवाली के बाद सोना-चांदी में भारी गिरावट सोना 5677 तो चांदी 25599 रु. हुई सस्ती

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद सोना-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना 22 अक्तूबर को 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपये घटकर 1,23,907 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी के दाम आज 10,549 रुपये घटकर 1,52,501 रुपये प्रति किलो पर आ गए हैं। बता दें कि सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। एक समाचार एजेंसी के अनुसार मंगलवार को सोने में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो पांच साल में एक ही दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट रही। यह अगस्त 2020 के बाद की सोने में सबसे बड़ी गिरावट है। ज्वेलर्स का कहना है, ग्राहक कीमतों में आई गिरावट का फायदा उठा रहे हैं। उम्मीद है कि इस दौरान आभूषण की बिक्री में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ सकती है।



इस बीच सोने और चांदी के कीमतों में गिरावट आने से सोने की खरीदारी एक बार फिर देखने को मिल रही है। आगामी शादी ब्याह के मौसम के लिए लोगों ने इस गिरावट का फायदा उठाया है। कोठारी बद्रर्स के एम कोठारी कहते हैं कि घरेलू बाजार में सोने और चांदी की सप्लाई लंदन बैंक से होती है। यह धनतेरस और दिवाली से पहले थोड़ी रुक गई थी, जिसकी वजह से सोने और चांदी की कीमतों में वृद्धि देखी गई। लेकिन अब सप्लाई सामान्य हो गई है, जिसकी वजह से कीमतों में गिरावट भी आई है। इसके बाद शादी ब्याह को लेकर आभूषण की खरीदारी बाजारों में हो रही। कोठारी कहते हैं, ग्राहक कीमतों में आई गिरावट का फायदा उठा रहे हैं। उम्मीद है कि इस दौरान आभूषण की बिक्री में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ सकती है।

## यूनुस के करीबी का खुलासा: सात कैंपों में चल रही ट्रेनिंग, भारत की चिंता बढ़ी

# पाक की मदद से बांग्लादेश में बन रही है इस्लामिक रिवोल्यूशनरी आर्मी

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस सरकार के वरिष्ठ सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुयान ने बताया है कि उनके देश में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी आर्मी (आईआरए) की स्थापना का पहला चरण जारी है। शोजिब ने सोशल मीडिया पर कहा है कि बांग्लादेश में सात केंद्रों पर 8,850 लोगों की भर्ती कर ट्रेनिंग दी जा रही है। यह ट्रेनिंग पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई और सेना के अफसर दे रहे हैं। भुयान के इस खुलासे ने भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा दिया है।

रिपोर्ट कहती है कि यूनुस सरकार को ऐसा संगठन चाहिए, जो देश के लिए नहीं बल्कि सरकार के प्रति वफादार हो और आईएसआई के साथ मिलकर काम करें। यही कारण है कि बांग्लादेशी सेना की जगह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी आर्मी को लाने की तैयारी चल रही है। ऐसे में आईआरए को मार्शल आर्ट, ताइक्वांडो और जूडो की ट्रेनिंग दी जाएगी। जमात-ए-इस्लामी और आईएसआई की



कठपुतली यूनुस सरकार कई महीनों से आईआरए की योजना बना रही है।

### ईरान की तर्ज पर करेगा काम

भारतीय अधिकारियों के अनुसार, आईआरए ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की तर्ज पर काम करेगा। आईआरए एक अत्यधिक कट्टरपंथी संस्था होगी, जो बांग्लादेश को एक इस्लामी रा'य में बदलने में सत्ता पर काबिज लोगों की मदद करेगी। इसका निशाना भारत हो सकता है। आईआरए स्थापित हो जाने के बाद सीमा पर तनाव बहुत बढ़ सकता है। हाल ही में जमात के नेता सैयद अब्दुल्ला ताहिरने न्यूयॉर्क में कहा कि जमात के 50 लाख युवा भारत से लड़ने के लिए तैयार हैं। अगर भारत बांग्लादेश में प्रवेश करता है तो 1971 में जो बदनामी हुई थी, वह मिट जाएगी। हम खुद को सच्चे स्वतंत्रता सेनानी साबित करेंगे और जमात के 50 लाख लोगों का एक हिस्सा गुरिल्ला युद्ध में शामिल होगा, जबकि बाकी लोग भारत के अंदर फैलकर गजवा-ए-हिंद को लागू करेंगे।

### आईएसआई की ढाका में एंट्री

इन गतिविधियों को देखते हुए एक्सपर्ट्स का मानना है कि आईएसआई ने बांग्लादेश पर कब्जा कर लिया है। पाकिस्तान हमेशा से चाहता था कि बांग्लादेश को 1971 से पहले की स्थिति में वापस लाया जाए। यही कारण है कि शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद से वह इस योजना पर लगातार काम कर रहा है। पहले चरण में, सात ट्रेनिंग कैंपों में 8,850 लोगों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इन सभी लोगों को पाकिस्तान समर्थक सेवानिवृत्त बांग्लादेशी सैन्य अधिकारी प्रशिक्षित कर रहे हैं। बांग्लादेश में इस समय 1,60,000 सेना की संख्या है और आईआरए का मकसद सेना की संख्या से 'यादा लोगों को ट्रेनिंग देना है। इसके अलावा, इन शिविरों में पाकिस्तानी सेना और आईएसआई के अधिकारी अक्सर आते-जाते रहते हैं। पाकिस्तानी सेना और आईएसआई के कमांडर ही इस ट्रेनिंग के लिए पैसे और हथियार मुहैया करा रहे हैं।

### यूनुस ने खोल दिया है रास्ता

मुहम्मद यूनुस की ओर से पाकिस्तान के लिए समुद्री मार्ग खोले जाने के बाद से हथियार और गोला-बारूद बड़ी मात्रा में बांग्लादेश पहुंच रहे हैं। ये सभी वर्तमान में विश्वविद्यालयों में जमा किए जा रहे हैं, जिन पर बड़े पैमाने पर जमात का नियंत्रण है। जरूरत के अनुसार, इन हथियारों और गोला-बारूद को आईआरए के ट्रेनिंग कैंप में खुलेआम पहुंचाया जा रहा है। जमात समर्थित संस्थाएं आईआरए के संबंध में भी खुलकर बात कर रही हैं।

# संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 30 से जबलपुर में

**जबलपुर, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 30 अक्टूबर से यहां कचनार क्लब एंड रिसोर्ट विजय नगर में होगी। तीन दिनों तक चलने वाली इस बैठक में सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी छह सह सरकार्यवाह, सभी अखिल भारतीय अधिकारी, सभी क्षेत्र संघचालक, कार्यवाह व प्रचारक एवं सभी प्रांत संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक एवं उनके सहयोगी भाग लेंगे। इसके साथ ही समविचारी संगठनों के अखिल भारतीय अधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में देश की वर्तमान परिस्थिति, सरसंघचालक मोहन भागवत के विजयादशमी उत्सव के अवसर पर दिए गए संबोधन, संघ शताब्दी समारोह के अवसर पर पूरे देश में हुए आयोजन, अक्टूबर 2026 तक



चलने वाले कार्यक्रम व पंच परिवर्तन आदि विषयों पर चर्चा होगी। आरएसएस के 101वें वर्ष में प्रवेश करने के बाद संघ की पहली अखिल भारतीय बैठक होगी। बैठक की योजना को लेकर छोटी टोली की बैठक 26 अक्टूबर से ही प्रारंभ हो जाएगी। उसके बाद 28 अक्टूबर की बैठक में सभी अखिल भारतीय अधिकारी एवं क्षेत्र कार्यवाह व क्षेत्र प्रचारक शामिल होंगे। वहीं, 29 अक्टूबर की बैठक में प्रांत कार्यवाह एवं प्रांत प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख आदि शामिल होंगे। मुख्य बैठक 30 व 31 अक्टूबर एवं एक नवंबर को होगी।

## 2026 में पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में होंगे विधानसभा चुनाव

# चुनाव आयोग की बैठक में फैसला, पूरे देश में जल्द शुरू होगी एसआइआर की प्रक्रिया

**नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो**

पूरे भारत में मतदाता सूची का विशेष सघन पुनरीक्षण( एसआईआर) करवाने को लेकर चुनाव आयोग की बैठक से कई अहम बातें निकलकर सामने आई हैं। इस बैठक के मुताबिक पूरे भारत में एसआईआर चार-पांच दिनों के भीतर शुरू हो जाएगा और प्रत्येक चरण बिहार में संपन्न हुए पुनरीक्षण की तर्ज पर तीन महीनों में पूरा होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रव्यापी एसआईआर दो चरणों में आयोजित किया जा सकता है, जिनमें कुछ राज्य/केंद्र शासित प्रदेश जैसे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जो जल्द ही बर्फ से ढक जाएंगे इसके चलते इन्हें प्रारंभिक चरण से बाहर रखा जाएगा।

चुनाव आयोग के एक अधिकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर बाद में विचार किया जा सकता है क्योंकि इन राज्यों में बमुश्किल 20-25 प्रतिशत मतदाताओं को ही संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार अपनी पात्रता साबित करने के लिए दस्तावेज जमा करने होंगे। तत्काल प्राथमिकता अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों वाले पांच राज्यों को दी जाएगी। चुनाव आयोग के सूत्रों ने संकेत दिया कि पूरे देश के स्तर पर एसआईआर की समय-सीमा एक-दो दिन में तय हो जाएगी और उसके बाद चार-पांच दिनों में इसकी घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पहचान, उम्र और नागरिकता के प्रमाण के तौर पर स्वीकार किए जाने वाले दस्तावेज़ों की सूची कमोबेश बिहार जैसी ही रहेगी, हालांकि किसी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के विशिष्ट दस्तावेज़ों पर विचार किया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा, किसी भी स्थिति में, 11 दस्तावेजों की सूची संपूर्ण नहीं है, बल्कि केवल सांकेतिक है।




### इन राज्यों में पहले तैयारी

असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले शुरू हो जाएगी। इस गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकालना है। हालांकि, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष इसे सरकार की साजिश बता रहा है। विपक्ष का कहना है कि केंद्र सरकार इस एसआईआर के द्वारा वोट चोरी का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी ने बिहार में इसके खिलाफ यात्रा भी निकाली थी। एसआईआर का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक छूट न जाए और कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। बिहार में चुनाव से पहले एसआईआर करके कई अवैध मतदाताओं के नाम हटाए गए और कई वैध मतदाताओं के नाम जोड़े गए।

### बहुत जल्द होगी शुरुआत

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसी महीने कह चुके हैं कि पूरे देश में एसआईआर शुरू करने पर काम चल रहा है और इसे लागू करने का फैसला चुनाव आयोग लेगा। अधिकारियों के अनुसार चुनाव आयोग ने पिछले महीने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से एक सम्मेलन में कहा कि अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहें। इनसे कहा गया है कि पिछले एसआईआर के बाद जारी हुई मतदाता सूची तैयार रखें। कई राज्यों के मुख्य निर्वाचन कार्यालयों ने अपने राज्य में पिछले एसआईआर के बाद जारी हुई वोटर लिस्ट को वेबसाइट पर डाल भी दिया है। दिल्ली के सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट डाली गई है, जब राजधानी में पिछला स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन हुआ था।

### विदेशी घुसपैठियों की पहचान

इसी तरह उत्तराखंड में 2006 में पिछला एसआईआर हुआ था। वैसे ज्यादातर राज्यों के पास वोटर लिस्ट का आखिरी एसआईआर 2002 और 2004 के बीच हुआ था। अधिकतर राज्यों केंद्र शासित प्रदेश ने पिछले एसआईआर के हिसाब से मौजूदा मतदाताओं की मैपिंग लगभग पूरी कर ली है। एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य अवैध विदेशी प्रवासियों का उनके जन्म स्थान से पता लगाना है। देश में अवैध बांग्लादेशी और म्यांमार के घुसपैठियों की मौजूदगी की वजह से यह प्रक्रिया महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## मॉस्को पर दबाव की रणनीति

# पुतिन से वार्ता फेल होने पर रूस की 2 तेल कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन, एजेंसी**



रूस-यूक्रेन जंग खत्म कराने को डोनाल्ड ट्रंप ने एक और चाल चली है। पुतिन से वार्ता फेल होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर सैंक्शन्स यानी कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। ये दोनों कंपनिया हैं रोसनेफ्ट और लुकोईल। खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर इसकी घोषणा की है।

अमेरिका के मुताबिक, इन रूसी तेल कंपनियों और उनकी शाखाओं को इसलिए निशाना बनाया गया है ताकि मॉस्को पर दबाव डाला जा सके कि वह यूक्रेन में चल रहा युद्ध खत्म करें। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि इन प्रतिबंधों का मकसद हिंसा रोकना है और उन्होंने तुरंत युद्धविराम के लिए कहा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो आगे और सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंध बहुत बड़े और कड़े हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये प्रतिबंध ज्यादा समय तक नहीं रहेंगे और रूस-यूक्रेन युद्ध जल्द सुलझ जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रूटे के साथ मुलाकात के बाद कहा कि हमारी आज बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने सोचा था रूस-यूक्रेन मामला थोड़ा आसान होगा, लेकिन यह भी जल्द हल हो जाएगा। भारत पर भी इन प्रतिबंधों का असर हो सकता है क्योंकि भारत रूस का बड़ा रणनीतिक साझेदार है और रूस से तेल आयात करता है। भारत रूस से 35 फीसदी से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। सस्ते रूसी तेल की आपूर्ति बाधित हो सकती है, क्योंकि सैंक्शन वाली कंपनियों से लेन-देन मुश्किल हो जाएगा। इससे भारत की मध्य पूर्व जैसे महंगे स्रोतों पर निर्भरता बढ़ेगी, तेल की कीमतें ऊपर चढ़ सकती हैं। हालांकि, बहुत ज्यादा असर की संभावना नहीं है।

# खजुराहो-वाराणसी के बीच चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**छतरपुर, एजेंसी**

प्रदेश को एक और वंदे भारत ट्रेन मिल गई है। पर्यटन नगरी खजुराहो अब वाराणसी से जुड़ जाएगी। वाराणसी और खजुराहो के बीच में अब वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दौड़ेगी। रेल मंत्रालय ने ट्रेन का शेड्यूल जारी कर दिया है। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पीएम मोदी का आभार जताया है। इससे वाराणसी-खजुराहो के बीच पर्यटन गतिविधियां भी बढ़ेंगी। पर्यटन के दृष्टिकोण से दोनों ही शहर काफी महत्वपूर्ण हैं।

ट्रेन के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। खजुराहो से यह ट्रेन शाम तीन बजकर 20 मिनट पर खुलेगी और वाराणसी रात को 11 बजे पहुंचाएगी। वाराणसी स्टेशन से सुबह 5.25 बजे खुलेगी और दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर खुजराहो पहुंचाएगी। इस दौरान यह ट्रेन विंध्याचल, प्रयागराज चौकी, चित्रकूट धाम, बांदा और महोबा में रुकेगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश को पहले ही चार वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिल चुकी है। वहीं, खजुराहो से भी यह दूसरी वंदे भारत ट्रेन है। एक वंदेभारत एक्सप्रेस खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन तक चलती है।




## पुलिस ने शुरू की पड़ताल

# एयर इंडिया सेफ्टी ऑडिटर की संदिग्ध मौत, कमरे से मिला शव



**गुरुग्राम, एजेंसी**

एयर इंडिया के एक फ्लाइट सेफ्टी ऑडिटर की गुरुग्राम के सेक्टर-30 स्थित पेइंग गेस्ट (पीजी) आवास में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रफुल्ल सावंत (35) के रूप में हुई है, जो मुंबई निवासी थे और पिछले कुछ दिनों से इस पीजी में ठहर रहे थे। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

सीनियर पुलिस ऑफिसर के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि सावंत ने नाश्ता किया और अपने कमरे में लौट आए। इस दौरान, वह पूरी तरह स्वस्थ नजर आ रहे थे। दोपहर के भोजन के लिए उन्होंने पीजी के केयरटेकर को यूपीआई के माध्यम से पैसे भेजे। करीब दोपहर 12 बजे केयरटेकर ने उन्हें फोन किया, लेकिन कॉल्स का कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद, केयरटेकर ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। केयरटेकर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम दरवाजा तोड़कर कमरे के भीतर दाखिल हुई तो पुलिस ने पाया कि जहां सावंत बिस्तर पर बेजान पड़े थे। उनकी बॉडी को फौरन सदर अस्पताल भेज दिया गया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि कमरे में कोई सुसाइड नोट या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। सावंत का मार्निंग रूटीन बिल्कुल सामान्य था।

पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है और पीजी के स्टाफ व अन्य निवासियों से पूछताछ की जा रही है। अभी तक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट नहीं आई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह पता चल सकेगी।

वहीं, परिजनों के मुताबिक, सावंत एयर इंडिया में सीनियर फ्लाइट सेफ्टी ऑडिटर थे और गुरुग्राम में कंपनी के ट्रेनिंग सेशन के सिलसिले में आए थे। उनके भाई ने बताया कि प्रफुल्ल पूरी तरह फिट थे, कोई बीमारी या तनाव की बात नहीं थी। हम पुलिस जांच का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, एयर इंडिया ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने स्टाफ की मौत पर गहरा दुख है।

## मेट्रो एंकर

## 1 नवंबर से शुरू होगा अभा कालिदास समारोह, 31 अक्टूबर को निकलेगी कलश यात्रा

# नासिक के बजेंगे ढोल-ताशे, लोक कलाकार देंगे आकर्षक प्रस्तुतियां

**उज्जैन, ब्यूरो**

परंपरा अनुसार इस वर्ष भी 67 वा अ.भा. कालिदास समारोह 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस बार के समारोह में अनेक नवाचार, लोकप्रिय आकर्षण होंगे एवं साथ ही नई पीढ़ी की सहभागिता भी होगी।

उक्त जानकारी देते हुए कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि देवप्रबोधनी एकादशी अर्थात 1 नवम्बर से पूर्व 30-31 अक्टूबर को पूर्वरंग सम्पन्न होगा। पूर्वरंग के अन्तर्गत 30 अक्टूबर 2025 को मां गढ़कालिका पर वागर्चन में शहर के विद्यालय, महाविद्यालय तथा गुरुकुल के 1100 बटुकों, छात्र-छात्राओं के द्वारा श्यामला दंडकम् एवं देवी स्तुति की प्रस्तुति दी जायेगी। इस अवसर पर नृत्याराधना नृत्य मंदिर संस्थान, उज्जैन द्वारा देवी स्तुति में नृत्य आराधना भी की जाएगी। 31 अक्टूबर 2025 को पारम्परिक कलश यात्रा का आयोजन होना है। कलश यात्रा में आकर्षण छत्तीसगढ़ का पंथी नृत्य, नासिक के ढोल-ताशे, विद्यालयों के घोष पथक, म.प्र. पुलिस बैंड, लोक कलाकारों के नृत्य तथा गणमान्य नागरिक रहेंगे। 1 नवम्बर 2025 को प्रातः 10ः00 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह का विधिवत उद्घाटन करेंगे। सायं काल भक्ति संगीत के कार्यक्रम में सुगम एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुति राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका सुश्री सूर्यागायत्री, कालीकट (केरल) की सुगंम एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी। 2 नवम्बर 2025 को प्रातः 9ः00 बजे सारस्वत आयोजन की श्रृंखला के अन्तर्गत कालिदास साहित्य में स्व-बोध विमर्श विषय पर शोध संगोष्ठी का शुभारम्भ होगा। सांय काल 5ः00 बजे व्याख्यान माला संस्कृति चिन्तक कालिदास विषय पर प्रो. प्रगाग नारायण मिश्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयाराज मुख्य वक्ता के रुप में व्याख्यान देंगे। सांस्कृतिक सत्र में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायक महेश काळे की प्रस्तुति होगी। 3 नवम्बर 2025 को प्रातः 9ः00 बजे सारस्वत आयोजन की श्रृंखला के अन्तर्गत कालिदास साहित्य में स्व-बोध विमर्श विषय पर शोध संगोष्ठी होगा। सायंकाल 5 बजे व्याख्यान कालिदास का परिवार चिन्तन विषय पर प्रो. राजेश्वर मिश्र, वरिष्ठ संस्कृत विद्वान्, कुरुक्षेत्र मुख्य वक्ता के रुप में व्याख्यान देगे। सांस्कृतिक सत्र में सुश्री अनन्या गौड (बैंगलोर) शास्त्रीय नृत्य कथक, शास्त्रीय नृत्य नाटिका शकुन्तला सुश्री अमिता खरे, भोपाल एवं शास्त्रीय नृत्य नाटिका ऋतुसंहार कलाकार सांस्कृतिक समिति, उज्जैन की प्रस्तुति होगी। 4 नवंबर को प्रातः 9 बजे सारस्वत आयोजन की श्रृंखला के अन्तर्गत कालिदास साहित्य में स्व-बोध विमर्श विषय पर शोध संगोष्ठी होगा। सांय काल 5 बजे व्याख्यान कालिदास का स्वात्म गौरव विषय पर प्रो. सनन्दन त्रिपाठी, नई दिल्ली मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान देंगे। हिन्दी नाटक श्रीकृष्ण उज्जैनी श्री विशाला सांस्कृतिक लोकहित समिति, उज्जैन की प्रस्तुति होगी। 5 नवम्बर को ऑपरेशन सिंदूर के आलोक में कालिदास विषय पर कवि समवाय होगा।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564